हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## बिना विघ्न विघ्नहर्ता चले अपने धाम, कुंड में 6000 से ज्यादा मूर्तियों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेवघाट के समीप विसर्जन कुण्ड में प्रथम पूज्य देव गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन करने बुधवार को भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से लेकर देर शाम तक बाजे-गाजे के साथ बप्पा के जयकारे लगाते लोग विसर्जन कुंड स्थल पहुंचते रहे। 18 घंटे में विसर्जन कुण्ड में श्रद्धालुओं द्वारा 5600 छोटी, 790 बड़ी मूर्तियों का विसर्जन किया गया। ▶▶ शेष पेज 13 पर

**सुबह से लेकर देर रात तक विसर्जन का सिलसिला**



## झांकियों का प्रदर्शन आज रहेगी रौनक

राजधानी में 19 सितंबर को झांकियां निकाली जाएंगी। इस बार 90 से अधिक आकर्षक झांकियों के दर्शन श्रद्धालु कर पाएंगे। इसके लिए गणेशोत्सव समितियों ने तैयारियां की हैं। झांकी विसर्जन का सिलसिला 23 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से झांकी दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार के साथ पहुंचेंगे। इस दौरान शहर की रौनक देखते ही बनेगी। झांकी का प्रारंभ शारदा चौक से होगा, जहां उन्हें नंबर दिया जाएगा। गणेश झांकियां शारदा चौक से जयस्तंभ चौक, कोतवाली होते हुए सदरबाजार, सत्तीबाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक होते हुए ▶▶ शेष पेज 13 पर




## खबर संक्षेप

### कैबिनेट की बैठक कल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार 20 सितंबर को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे से मंत्रालय महानदी भवन में होगी। संभावना है कि इस बैठक में राज्य की खेती-किसानी की स्थिति पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही राज्य में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के संबंध में चर्चा हो सकती है। राज्य में ये दोनों चुनाव एक साथ कराने के मामले पर विचार किया जा सकता है। एक प्रदेश एक चुनाव के तहत जनता की राय लेने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई विभिन्न घोषणाओं को कैबिनेट की मंजूरी मिलेगी।

### विस कर्मचारी से डेढ़ लाख की लूट, दो गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में विधानसभा कर्मी के साथ लूट के आरोप में पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शुभम कुमार गौतम की शिकायत पर मनीष सागर, हिमेश उर्फ सुबे को गिरफ्तार किया है। शुभम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह रविवार को शाम 4 बजे अपनी पत्नी को लेने रेलवे स्टेशन स्टेशन जा रहा था, तब लोधीपारा चौक के पास बदमाशों ने शुभम की कार ओवरटेक कर रोकी। इसके बाद बदमाशों ने शुभम के साथ मारपीट करते हुए उसके गले से डेढ़ लाख रुपए कीमत की सोने की चेन तथा मोबाइल लूट ली और फरार हो गए।

### आज शाम 4 बजे के बाद शराब दुकानें बंद

**रायपुर।** गणेश प्रतिमा विसर्जन को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को रायपुर तथा बिरगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र से सटी देशी तथा अंग्रेजी शराब दुकानें बंद रहेंगी। साथ ही कलेक्टर ने होटल, क्लब तथा बार में भी शाम 4 बजे के बाद शराब परोसने पर रोक लगाई है। शराब दुकानें बंद करने का निर्णय गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु लिया गया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** दुष्कर्म के एक आरोपी को गंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रायपुर में एक होटल में काम के दौरान उसकी पहचान आरोपी प्रिंस डिसिल्वा निवासी 1355 तेवाडा मोंगे पटनम परनम उत्तर गोवा से हुई थी। दोनों अक्सर फोन पर बातें करते थे। प्रिंस फोन कर कुछ जरूरी काम है, कहकर रायपुर रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में बुलाया था, जहां शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता को आगरा में शादी करेंगे, कहकर अपने साथ ले गया, जहां पहुंचने के बाद उसने शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 69, 115(2), 351(2) भारतीय न्याय सहिता 2023 के तहत पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया है।




### आंगनबाड़ियों में किया जा रहा बच्चों का वजन, शहर में तंदुरुस्त मिले

# सुधर रही बच्चों की सेहत, वजन में मामूली फर्क, गंभीर कुपोषण का संकट अभी नहीं

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶ रायपुर

कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत शून्य से 6 वर्ष तक ही उम्र के बच्चों का तीन पैरामीटर से वजन मापा जा रहा है। इसमें उम्र के अनुसार वजन, ऊंचाई के अनुसार वजन और उम्र-ऊंचाई के अनुसार वजन लिया जा रहा है। इन तीनों पैरामीटर के माध्यम से नार्मल के अलावा मध्यम और गंभीर कुपोषित बच्चों को चयन किया जा रहा है। राजधानी रायपुर में भी आंगनबाड़ी केंद्रों में इन तीनों पैरामीटर के माध्यम से बच्चों का वजन किया जा रहा है। इसके तहत लगभग प्रत्येक आंगनबाड़ी में मध्यम कुपोषण का शिकार एक बच्चा मिल रहा है, जहां कहीं गंभीर कुपोषित बच्चे भी मिल रहे हैं उनका स्वास्थ्य जांच के लिए चयन किया जा रहा है, ताकि इन शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाकर उनका कुपोषण दूर किया जा सके।

हरिभूमि की टीम ने बुधवार को शहर के कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान बच्चों को उनकी माताओं के सामने तीनों पैरामीटर के जरिए वजन कराया गया, जिसमें इन आंगनबाड़ी केंद्रों में कुछ बच्चे मध्यम कुपोषण से ग्रसित मिले, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित मिला। इस बच्चे का वजन तीनों पैरामीटर में कम मिला। टीम की इस पड़ताल से यह भी जानकारी मिली कि प्रत्येक आंगनबाड़ी में एक न एक मध्यम कुपोषित बच्चा मिल ही ▶▶ शेष पेज 13 पर

**केस 1**

*मठपुरैना पानी टंकी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में हेमिन देवांगन अपनी तीन वर्ष की बच्ची का वजन कराने पहुंची थीं। बच्ची का वजन 9 किलो 390 ग्राम मापा गया। उसकी उम्र और ऊंचाई के अनुसार वजन बहुत कम था। इस तरह यह बच्ची गंभीर कुपोषित पाई गई।*

**केस 2**

*मठपुरैना स्थित एक अन्य आंगनबाड़ी केंद्र में भी डिकेश्वरी साहू अपनी दो वर्ष की बच्ची का वजन कराने पहुंची थी। इस बच्चा का वजन 6 किलो 920 ग्राम मापा गया। उम्र के अनुसार बच्ची का वजन सही मिला, पर ऊंचाई के अनुसार वजन कम पाया गया। इस यह बच्ची मध्यम कुपोषण से ग्रसित पाई गई।*





### पिछले वर्ष मिले थे 3081 गंभीर कुपोषित बच्चे

वर्ष 2023 में भी वजन त्योहार कार्यक्रम के दौरान रायपुर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में एक लाख 37 हजार 808 बच्चों का वजन मापा गया था। इसमें उम्र के अनुसार ऊंचाई-वजन में 20 हजार बच्चे मध्यम एवं 3081 बच्चे गंभीर कुपोषित मिले थे। वहीं ऊंचाई के अनुसार वजन में 27943 मध्यम एवं 19044 गंभीर कुपोषित मिले थे। इसी प्रकार उम्र के अनुसार वजन में 514 गंभीर कुपोषित एवं 2656 ओवरवेट बच्चे मिले थे।





### रिपोर्ट आने के बाद ही मिल पाएंगे आंकड़े

वजन त्योहार 23 सितंबर तक है। इसके बाद ही आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन किए गए बच्चों में मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के आंकड़े मिल पाएंगे।

- **अमित सिन्हा**, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर

### 23 सितंबर तक चलेगा अभियान

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत प्रदेश के सभी जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 से 23 सितंबर तक वजन त्योहार अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में कुपोषित बच्चों की दर में कमी लाना है। इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों का चयन किया जा रहा है, ताकि ▶▶ शेष पेज 13 पर

### शासकीय संस्थानों को 40 हजार में

## 75 हजार में किराए पर हॉल देगा रविवि बैठ सकेंगे 560 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने हॉल को किराए पर देगा। इसके लिए 75 हजार रुपए का शुल्क लिया जाएगा। प्रेक्षागृह के रख-रखाव संबंधित खर्च वहन करने के लिए प्रेक्षागृह को किराए पर देने संबंधित विचार पूर्व में ही किया गया था, लेकिन इसके किराए सहित अन्य चीजों पर सहमति नहीं बन पाई थी। अब कार्यपरिषद की बैठक में इस पर अंतिम फैसला ले लिया गया है। 75 हजार रुपए किराया निजी संस्थाओं के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि शासकीय संस्थानों को यह भवन 40 हजार रुपए में प्राप्त होगा। इसके लिए रविवि द्वारा तय की गई प्रक्रियाएं पूर्ण करनी होगी। प्रेक्षागृह 560 सीटर है, जिसमें साउंड सिस्टम, वातानुकूलन सहित अन्य सभी तरह की सुविधाएं हैं।



*कार्यपरिषद की बैठक में फैसला, बीते वर्ष लाखों रूपए खर्च कर किया गया था रेनोवेशन*

### विद्यापरिषद के फैसलों को मंजूरी

कार्यपरिषद की बैठक में अधिकतर फैसले वित्त संबंधित रहे। सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों को पीएफ की राशि प्रदान करने, निजी महाविद्यालयों को पूरक परीक्षाओं के लिए राशि प्रदान करने सहित कई विभागों को उपकरण खरीदी के लिए निर्धारित राशि प्रदान किए जाने को मंजूरी दी गई।

बीते दिनों रविवि के विद्यापरिषद की बैठक हुई थी। इसमें कम्यूनिकेशन स्कील सहित कई पाठ्यक्रम संचालन को लेकर सहमति बनी थी। इसके सहित अध्ययन-अध्यापन संबंधित विद्यापरिषद के कई फैसलों को मंजूरी प्रदान की गई।

## एमएमआई कांड पर एक और वीडियो, बेटे का आरोप, डॉक्टर के कहने पर कराया एयर लिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अस्पताल की लचर व्यवस्था का शिकार होकर जान गंवाने वाली स्वाइन फ्लू पीड़ित स्व. भारती खेमानी के बेटे ने एमएमआई प्रबंधन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। ओम खेमानी ने वीडियो जारी कर कहा है कि अस्पताल के डॉक्टरों ने ही उन्हें मां को हैदराबाद ले जाने की सलाह दी थी और उनके कहने पर ही उन्होंने एयर एंबुलेंस बुक कराई थी। उन्होंने डिस्चार्ज अंगेस्ट मेडिकल एडवाइज (डामा) लेने से इंकार करते हुए कहा, डाक्टरों ने ही इसकी सिफारिश की थी।

- गंभीर बताकर हैदराबाद ले जाने दी थी सलाह, परिवार ने नहीं लिया 'डामा'

टाटीबंध निवासी 49 वर्षीय भारती देवी खेमानी की मृत्यु के मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने स्तर पर इसकी जांच कर रही है और एमएमआई अस्पताल द्वारा पीड़ित परिवार के आरोपों की सफाई देने का दौर जारी है। स्व. भारती के पुत्र ओम खेमानी ने बुधवार को वीडियो जारी कर अस्पताल प्रबंधन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। वीडियो में अस्पताल के डॉक्टर म्हस्के की वाइस रिकार्डिंग है, जिसमें उनके ▶▶ शेष पेज 13 पर


एंबुलेंस में जरूरी उपकरण मौजूद, एयरक्राफ्ट की सुविधाओं पर अभी भी उलझी पहेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

### आठ दिन पहले की घटना

टाटीबंध में रहने वाले मुकेश खेमानी की 49 वर्षीय पत्नी का इलाज दस दिनों से एमएमआई में चल रहा था। पिछले गुरुवार उन्हें इलाज के लिए हैदराबाद ले जाया जा रहा था। एयर एबुंलेंस उड़ान भरने के बाद वापस लौट आई थी और जब महिला को वापस अस्पताल लाया गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने अस्पताल, रेड एंबुलेंस और एयर एबुंलेंस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले की शिकायत टिकरापारा थाने और स्वास्थ्य मंत्री से की गई थी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हुई है।

### एयर एबुलेंस पर फूट रहा ठीकरा

मामले की जांच कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम को भारती खेमानी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। सूत्रों के अनुसार, मामले की जांच लगभग पूरी हो चुकी है। मरीज को लेकर उड़ान भरने और दस मिनट में ही मौत के बाद वापस रायपुर में उतरने वाले एयर एबुलेंस के स्टाफ की लापरवाही तय हो रही है। पता चला है कि भारती देवी को हैदराबाद ले जाने और रायपुर आने से पहले एयरक्राफ्ट ने दिल्ली तथा पटना के बीच भी सफर किया था। संभवतः उसी दौरान फ्लाइट में मौजूद ऑक्सीजन सिस्टम में किसी तरह की तकनीकी दिक्कत आ गई थी।

### कपड़ा कारोबारी को लगाया 7500 का चूना

## फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाकर करते थे ठगी, धरे गए बंटी और बबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दुकानों में सामान खरीदने के बाद भुगतान के लिए फोन-पे की फर्जी स्क्रीन शॉट दिखाकर ठगी करने वाले एक दंपति को सिविल लाइंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दंपति ने सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अलग-अलग दुकानदारों से 15 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया था। जालसाजों ने सिविल लाइंस के अलावा टिकरापारा, गोलबाजार, तेलीबांधा थाना क्षेत्र में ठगी की है।

- भीड़भाड़ वाले दुकानों को बनाते थे निशाना

पुलिस के मुताबिक ठगी के आरोप में गोबरा नवापारा निवासी लोकेश सिंह बंजारे तथा उसकी पत्नी प्रिया पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों जालसाजों के खिलाफ कपड़ा कारोबारी शाशा स्टोर्स के संचालक विष्णु प्रसाद साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। विष्णु ने पुलिस को बताया कि दंपति ने उसकी दुकान से कुछ दिनों पूर्व साढ़े सात हजार रुपए के कपड़ों की खरीदी की थी, जिसका भुगतान दंपति ने फोन-पे के माध्यम से किया। भुगतान का स्क्रीन शॉट भी कारोबारी को दिखाया था। कई दिनों के बाद भी अकाउंट में पैसे नहीं आने पर विष्णु ने ▶▶ शेष पेज 13 पर



### जहां ग्राहक ज्यादा, वहीं करते थे ठगी

दंपति ठगी करने ऐसी दुकानों का चयन करते थे, जहां ग्राहकों की भीड़ ज्यादा रहती थी। साथ ही जहां वाइस ट्रांजेक्शन मशीन नहीं होती थी, उसी दुकान में खरीदी के लिए जाते थे। सामान खरीदने के बाद भुगतान का झांसा देकर अपने मोबाइल में पूर्व में किए गए भुगतान की स्क्रीन शॉट दुकानदार को दिखाकर ठगी करते थे।

### नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आमरण अनशन

## एसआई भर्ती के अभ्यर्थियों का अनोखा प्रदर्शन, सड़कों पर लगाई झाड़ू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा-2018 के अभ्यर्थी परिणाम जारी करने की मांग को लेकर बुधवार को शहर की सड़कों पर उतरे। इस दौरान तेलीबांधा से सिटी कोतवाली और जयस्तंभ चौक तथा शास्त्री चौक की सड़कों पर झाड़ू लगाकर परीक्षा परिणाम जल्द जारी करने की मांग की। दरअसल सब इंस्पेक्टर भर्ती प्रक्रिया में हो रहे विलंब को लेकर अभ्यर्थी लगातार राज्य शासन का ध्यान आकर्षित करा रहे हैं। हाइकोर्ट ने भी 90 दिन के अंदर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया था। 9 सितंबर को 90 दिन पूरे हो चुके हैं, पर अभी तक इनका परिणाम जारी नहीं हो पाया है। प्रभावित अभ्यर्थियों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में नेताजी सुभाष स्टेडियम के पास जमा होकर रक्तदान करते हुए शासन से ▶▶ शेष पेज 13 पर

### धरनास्थल पर आमरण अनशन

अभ्यर्थी विगत 15 दिनों से राजधानी में प्रदर्शन कर रहे हैं। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर अभ्यर्थी आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। बुधवार को इन अभ्यर्थियों ने शहर की अलग-अलग सड़कों पर सफाई कर परिणाम जारी करने की मांग की।

## सिस्टम हुआ कमजोर, बारिश की गुंजाइश एक-दो जगह ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिस्टम के कमजोर हो जाने से प्रदेश में बारिश की गतिविधि थम गई है। अगले एक-दो दिन कुछ एक स्थानों पर ही हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। इधर बादल छंटने के बाद निकली तेज धूप और उसके साथ बढ़ी उमस की वजह से थोड़ी असहजता महसूस हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, सिस्टम के और आगे बढ़ने के बाद यहां हल्की से मध्यम वर्षा की स्थिति बन सकती है। फिलहाल प्रदेश में भारी बारिश के लायक सिस्टम मौजूद नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में सूरजपुर जिले के भैयाथान में सर्वाधिक तीन सेमी. बारिश हुई। प्रदेश के सभी बड़े शहरों में वर्षा की गतिविधि पर विराम लगा रहा है। शहर में दिन का अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री तक पहुंचा और दोपहर निकली तेज धूप के प्रभाव से उमसभरी गर्मी का अहसास हुआ। राज्य में अब तक की स्थिति में सामान्य से सात फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है और सीजन का कोटा पूरा हो चुका है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# अचानकमार में बढ़ा बाघों का कुनबा, सफारी से छोड़ी गई बाघिन ने दिया दो शावकों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बाघों की गणना के समय एटीआर में छह से सात बाघ होने की रिपोर्ट आई थी, जिसकी संख्या बढ़कर अब एक दर्जन हो गई है। पिछले वर्ष सूरजपुर से घायल अवस्था में रेस्क्यू कर लाई गई बाघिन का जंगल सफारी में उपचार करने के बाद उसे एटीआर में छोड़ दिया गया था, अब उसके द्वारा दो शावकों का जन्म देने की बात कही जा रही है। गौरतलब है कि एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने एक बाघ तथा दो बाघिन लाने एनटीसीए ने पूर्व में अनुमति प्रदान की है। एनटीसीए ने जब अनुमति दी थी, तब एटीआर में बाघों की संख्या कम थी। वर्तमान में बाघों की संख्या में वृद्धि होने के बाद अफसर पड़ोसी राज्य से बाघ लाने को लेकर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश ने एटीआर में बाघ लाने एक्सपर्ट से विचार करने की बात कही।



विभाग के अफसरों ने नहीं की अधिकृत पुष्टि, बाघों का कुनबा बढ़कर 12 तक पहुंचा

एक्सपर्ट से चर्चा के बाद नवंबर में एक नर तथा दो मादा बाघिन की तलाश करने कान्हा जाएंगे

### अक्टूबर-नवंबर में जाएगी टीम

एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर के अनुसार, एक्सपर्ट से चर्चा कर उनसे सुझाव मिलने के बाद अगले महीने या फिर नवंबर में एक अध्ययन दल बाघ लाने महाराष्ट्र के साथ मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व जाएगा। इसके बाद बाघ लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।

### यहां रह सकते हैं दो दर्जन बाघ

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में कई गांवों को अभी शिफ्ट करना बाकी है। एटीआर का क्षेत्रफल साढ़े पांच सौ किलोमीटर के करीब है। एटीआर से सटे भोरमदेव तथा मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व के जंगल टाइगर का एक बड़ा कॉरिडोर हैं। इस लिहाज से टाइगर का कॉरिडोर नौ सौ किलोमीटर के करीब है। इस स्थिति में जानकार एटीआर में 20 से 25 टाइगर के रह सकने की बात कह रहे हैं। बाघों की संख्या ज्यादा होने पर उनके बीच द्वंद्व की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### फुट प्रिंट मिलने के बाद होगी अधिकृत पुष्टि

सूरजपुर से रेस्क्यू घायल मादा बाघ के जंगल सफारी में उपचार कर एटीआर में पिछले वर्ष अप्रैल में छोड़ा गया था। उसी मादा बाघ के द्वारा दो शावकों को जन्म देने की बात सामने आई है। अफसरों ने अभी तक इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है। अफसरों के अनुसार, मादा बाघ के साथ शावकों के फुट प्रिंट मिलने के बाद ही इसकी पुष्टि कर सकेंगे। ट्रैप कैमरे में एक जगह मादा बाघ के साथ दो शावकों के फूटेज मिले हैं, अफसर इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री निवास में आज जनदर्शन



रायपुर। मुख्यमंत्री निवास में 19 सितंबर को जनदर्शन में सीएम विष्णु देव साय आम लोगों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। जनदर्शन का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक तय किया गया है।

### कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण की मांग

रायपुर। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने नालीविहीन पंजाब केसरी रोड जोरा क्षेत्र में बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण कराने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि साईंनगर जोरा की सीमा से सटे हुए पंजाब केसरी रोड पर नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक पक्की सड़क तो शासन स्तर से बना दी गई थी, लेकिन अफसोस है कि आज तक इस रोड के दोनों तरफ नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। इसका विपरीत असर 200 घरों के आसपास के साईंनगर की आबादी पर सीधे-सीधे पड़ रहा है। इसके अलावा दूसरी तरफ की बड़ी आबादी वाली प्रोफेसर कॉलोनी तक भी वर्षा ऋतु में बेहद विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी के चलते लभांडी गांव तक भी डायरिया बुरी तरह से फैल गया था, क्योंकि लंबे-लंबे समय तक दलदल जैसा जलभराव आसपास की कॉलोनी में फैल जाता है।

## बैज बोले- सरकार अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही

# देवेंद्र से जेल में मिले पटवारी, कहा- भाजपा की तानाशाही के सामने हम कभी नहीं झुकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात करने एमपी कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे। रायपुर सेंट्रल जेल में श्री पटवारी ने देवेंद्र से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान कहा, भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को कुचलने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उनके खिलाफ जो षड्यंत्र रचा गया है, वह सरकार की अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की एक कायराना कोशिश है। हम भाजपा की तानाशाही के सामने कभी नहीं झुकेंगे। पूरी कांग्रेस पार्टी देवेंद्र के साथ खड़ी है।

### बैज भी रहे साथ

जीतू पटवारी की देवेंद्र यादव से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी साथ थे। बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा केस में पुलिस ने श्री यादव को अगस्त महीने में गिरफ्तार किया था। वे एक महीने से जेल में बंद हैं। उन्होंने श्री यादव से मुलाकात के बाद प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं से भेंट कर चर्चा की।

### क्या कहा जीतू पटवारी ने

देवेंद्र यादव से मुलाकात के बाद जीतू पटवारी ने कहा, पिछले साल 2023 में जिस भावना से जनता ने भाजपा को चुना था, मैं मानता हूं कि उसकी एक भी भावना का सम्मान नहीं किया गया है। देवेंद्र के मामले में सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है। वहीं राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, जिस तरह की भाषा का उपयोग हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ किया जा रहा है। कोई कहता है सिर काट दूंगा, यह सब पीएम मोदी के इशारे पर हो रहा है। राहुल गांधी को लेकर जिस तरह से वक्तव्य आए हैं, भाजपा के नेता और भाजपा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी छवि को खराब करने का काम कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में 500 थानों में गिरफ्तारी के लिए आवेदन दिए हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**भाजपा की मातृ संस्था में नहीं होते चुनाव** : एक देश-एक चुनाव को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, भाजपा और उनकी विचारधारा कभी लोकतंत्र को नहीं अपनाती, इसका कारण यह है कि उनकी अपनी मातृ संस्था में कभी चुनाव नहीं होते। वन नेशन, वन इलेक्शन पर हमारी पार्टी का जो भी बयान होगा, वही हमारा भी बयान होगा।

# अपराधियों को संरक्षण से कानून व्यवस्था बदतर, इस्तीफा दें गृहमंत्री

## प्रशांत साहू की जेल में मौत पुलिस प्रताड़ना की वजह से : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बदतर होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार से कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कबीरधाम की हालत ये है कि वहां खुलेआम खून की होली खेली जा रही है। अपराधियों को संरक्षण देने की वजह से पुलिस पर भारी दबाव है तथा आम लोगों में दहशत का माहौल है।



रेंगाखार थाने में गिरफ्तार 27 साल के युवा प्रशांत साहू की मौत, थाने में अत्यधिक मारपीट एवं प्रताड़ना के वजह से हुई है। घटना में रेंगाखार थानेदार एवं शामिल अन्य सिपाहियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार एवं तत्काल निलंबित किया जाए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। सरकार के संरक्षण के चलते प्रदेशभर में जघन्य अपराध हो रहे हैं। कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में हुई वारदात छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति की कहानी कह रही है। रेंगाखार क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह के युवक शिवप्रसाद साहू की संदिग्ध मौत से ग्रामवासियों में जो आक्रोश पनपा, उसके लिए कबीरधाम जिले का पुलिस प्रशासन जिम्मेदार है। शिवप्रसाद के परिवार को भाजपा से जुड़े लोग परेशान कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। कबीरधाम जिला पुलिस प्रशासन प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से पूछे बगैर साधारण मामले में एफआईआर तक नहीं करता है।

### शिवप्रसाद की मौत प्रथम दृष्टया हत्या

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ग्राम लोहारीडीह के युवक शिवप्रसाद साहू साहू समाज के मंडल अध्यक्ष थे। उनकी लाश जंगल में पेड़ पर लटकती मिलना प्रथम दृष्टया हत्या का मामला होना स्पष्ट होता है। यह जंगल मप्र के बालाघाट जिले में है। कबीरधाम जिला पुलिस शिवप्रसाद की मौत को आत्महत्या बताने में लगी है।

### निर्दोष ग्रामीणों को बनाया आरोपी

श्री महंत ने कहा, वारदात में जो लोग शामिल हैं, उन पर जरूर कार्रवाई होनी चाहिए। निर्दोष ग्रामीणों पर अलग-अलग धारा लगाई गई है। लोहारीडीह के कई घरों का आलम ये है कि मां-बाप को पुलिस पकड़कर ले गई है तथा घर में सिर्फ बच्चे ही बचे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि वे तत्काल गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा लें, यदि वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो गृहमंत्री को बर्खास्त करें।

# वन नेशन वन इलेक्शन पर सियासत भाजपा ने किया स्वागत, कांग्रेस बोली- संविधान के अंतर्गत संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


वन नेशन वन इलेक्शन बिल के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इस मामले में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है, संविधान के अंतर्गत यह संभव नहीं है। वहीं भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, इससे देश का विकास तेजी से होगा। देश में एक साथ चुनाव हो सकेंगे। आचार संहिता के कारण विकास कार्य अटकते हैं। कांग्रेस पिछले 77 सालों में देश का विकास नहीं चाहती थी। एक देश एक चुनाव का मसला लंबे समय से टलता रहा है। पीएम मोदी का यह निर्णय स्वागतयोग्य है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष





दीपक बैज ने कहा, भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का राग अलाप कर जनता को मूल मुद्दों से भटकाने का षड्यंत्र कर रही है। वन नेशन वन इलेक्शन भारत के संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है, इसे जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा, वन नेशन वन इलेक्शन भाजपा का जुमला बन गया है। लोकसभा चुनाव के पहले से वन नेशन वन इलेक्शन का दावा इनके द्वारा किया जा रहा था, वे चुनाव अब संपन्न हो गए हैं। भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। अभी हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव हो रहा है, भाजपा को दोनों राज्यों में करारी हार के संकेत मिल चुके हैं। भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का राग अलाप कर जनता को मूल मुद्दों से भटकाने का षड्यंत्र कर रही है।

### यह संभव नहीं : सिंहदेव



पूर्व उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा, आज के समय और संविधान के अंतर्गत यह संभव नहीं है। वन नेशन वन इलेक्शन लागू हो गया है। अब पूरे देश की विधानसभाओं और लोकसभा के एक साथ चुनाव होंगे। किसी राज्य या केंद्र की सरकार दो साल बाद गिर जाती है और यह सरकार पांच साल तक के लिए चुनी जाती है, इस स्थिति में वन नेशन वन इलेक्शन का क्या होगा? यह संभव ही नहीं है।

# शराब घोटाला : झारखंड के कारोबारियों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले की जांच कर रही ईओडब्ल्यू तथा एसीबी की टीम ने झारखंड के कुछ लोगों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने घोटाले में शामिल झारखंड से जुड़े लोगों के खिलाफ षडयंत्र करने की धारा 120बी तथा ठगी करने की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने शराब घोटाले के मामले में झारखंड के पूर्व शराब कारोबारियों के अलावा नेताओं के करीबियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## विधानसभा उपचुनाव, कांग्रेस ने बनाई संचालन समिति

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी कांग्रेस ने तेज कर दी है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। इस समिति में वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। समिति में पूर्व मंत्री एवं पूर्व कार्यकारी पीसीसी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, प्रदेश प्रतिनिधि रुचिर गर्ग, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा को शामिल किया गया है।




# साव ने अमेरिका में सड़क एवं भवन निर्माण परियोजनाओं का लिया जायजा, आज वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका गए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने वहां आठ दिवसीय अध्ययन यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और सेन फ्रांसिस्को में सड़क एवं भवन निर्माण परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण विशेषज्ञों के साथ बैठक कर बड़ी निर्माण परियोजनाओं की प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण सामग्री, निर्माण तकनीक तथा चरणबद्ध ढंग से उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी ली।



उन्होंने विशेषज्ञों से कार्यस्थलों पर निर्माण कार्मिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर चर्चा की। वे गुरुवार 19 सितंबर को स्वदेश लौटेंगे। बताया गया है कि श्री साव अमेरिकी समय के अनुसार 18 सितंबर को सुबह 9.05 बजे सेन फ्रांसिस्को से भारत के लिए रवाना होंगे। वे भारतीय समय के अनुसार 19 सितंबर को दोपहर पौने तीन बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि उनके साथ लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर विगत 10 सितंबर से अमेरिका के अध्ययन प्रवास पर गए हुए हैं।

### आर्किटेक्ट्स और इंजीनियरों से भी चर्चा

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अमेरिका में निर्माण स्थलों के भ्रमण के दौरान वहां कार्यरत आर्किटेक्ट्स और इंजीनियरों से चर्चा कर प्रयुक्त सामग्री, धातु एवं मशीनरी की जानकारी ली। उन्होंने छत्तीसगढ़ में उन्नत सड़क परियोजनाओं और भवन निर्माण में आधुनिक तकनीक व मशीनरी के उपयोग के संबंध में भी निर्माण विशेषज्ञों से चर्चा की। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में उच्च गुणवत्ता की टिकाऊ सड़कों और भवनों के निर्माण के लिए अमेरिका में प्रचलित नई तकनीक और उपायों का विस्तृत अध्ययन कर लोक निर्माण विभाग में लागू करने पर विचार किया जाएगा।

### अमित कांग्रेस विधायक दल के सचिव नियुक्त

रायपुर। अमित कुमार पांडेय को छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल का सचिव नियुक्त किया गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करेंगे।








# बगैर डीजे के निकाली जाएंगी विसर्जन झांकियां, आवेदन तीन सौ से ज्यादा, अनुमति किसी को नहीं

## सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला प्रशासन ने डीजे पर लगाया है बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में गणेश विसर्जन झांकियां इस बार बिना डीजे के निकाली जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देश के तहत जिला प्रशासन ने गणपति विसर्जन के दौरान इस बार डीजे के उपयोग पर पूरी तरह बैन लगा दिया है। इस कारण विसर्जन झांकियों में इस बार डीजे संचालकों को डीजे बजाने की अनुमति भी नहीं दी गई है। इस बार प्रशासन के पास 3 सौ से ज्यादा आवेदन पहुंचे हैं, लेकिन इनमें से किसी को भी अनुमति नहीं दी गई है। प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने के कारण गणेश विसर्जन झांकियों में इस बार साउंड सिस्टम के साथ ढोल-बाजा और बैंड पार्टियां ही नजर आएंगी। गणेशजी की स्थापना के 11 दिन बाद हर बार समितियों द्वारा विसर्जन झांकियां निकाली जाती हैं। रात के समय में निकाली जानी वाली झांकियों को समितियों द्वारा रंगबिरंगी विद्युत लाइट-झालरों से आकर्षक रूप से सजाया जाता है। इन झांकियों को कोई समिति ढोल-बाजा, कोई बैंड पार्टी तो कोई डीजे के साथ निकालते थे, लेकिन इस बार गणेश झांकियां डीजे के बिना निकाली जाएंगी। डीजे की अनुमति के लिए, इस बार तीन सौ से ज्यादा आवेदन कलेक्टोरेट में दिए गए हैं। गणेशोत्सव के शुरुआती दिनों में आवेदनों को लिया भी गया, लेकिन आवेदन देने वाले रिसिविंग कॉपी को ही डीजे बजाने की अनुमति मानने लगे थे। इसे देखते हुए प्रशासन ने 13 सितंबर से आवेदन लेने पर ही रोक लगा दी। हालांकि इसके बाद भी डीजे संचालक से लेकर गणेश समितियों के लोग डीजे की अनुमति के लिए, आवेदन देने पहुंचते रहे, लेकिन उनके आवेदन लिए बिना ही वापस लौटा दिया गया।

### इन थाना क्षेत्रों से सबसे ज्यादा आवेदन

प्रशासन के पास डीजे की अनुमति के लिए आवेदन करने वाली गणेश समितियों में सबसे ज्यादा गुढ़ियारी, टिकरापारा, डीडीनगर, पुरानी बस्ती, न्यू राजेंद्र नगर, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, खमतराई, सिविल लाइंस, पंडरी, देवेंद्र नगर, महिला थाना, सिटी कोतवाली, तेलीबांधा, सरस्वती, मुजगहन थाना क्षेत्र से आवेदन किए गए थे।

### किसी डीजे को अनुमति नहीं

गणेश विसर्जन झांकियों के दौरान डीजे बजाने के लिए मिले आवेदनों में से किसी को अनुमति नहीं दी गई है। अनुमति सिर्फ साउंड सिस्टम बजाने के लिए दी गई है। इसके लिए भी नियम तय हैं। निर्धारित डेसीबल से ज्यादा आवाज के साउंड सिस्टम बजाने वाले संचालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

- **देवेंद्र पटेल,** अपर कलेक्टर, रायपुर



### स्वागत मंच के आसपास भी नहीं होगा डीजे

एमजी रोड, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदरबाजार से लेकर लाखेनगर, सुंदरनगर समेत कई जगहों पर गणेश विसर्जन झांकियों के स्वागत के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा व्यापारिक संगठनों द्वारा स्वागत मंच लगाया जाता है। इनमें से भी कई मंचों पर डीजे की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस बार प्रशासन ने मंचों पर लगने वाले डीजे को भी अनुमति नहीं दी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि नियम विरुद्ध कोई भी डीजे बजाएगा तो संबंधित संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### रामकृष्ण हॉस्पिटल में 22 को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रामकृष्ण हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 22 सितंबर को किया जा रहा है। इस शिविर में कंप्लीट ब्लड काउंट, शुगर टेस्ट, बीपी टेस्ट, ईसीजी, टीएसएच टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड समेत खानपान पर परामर्श रखा गया है। इस संबंध में सिंधी काउंसिल इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस शिविर में 20 डॉक्टर अपनी निशुल्क सेवा देंगे, इनमें डॉ. संदीप दवे, डॉ. जावेद अली खान, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. प्रकाश चौधरी, डॉ. धीरज प्रेमचंदानी, डॉ. चेतना रमानी, डॉ. साकेत अग्रवाल, डॉ. पंकज धाबलिया, डॉ. पवन जैन आदि अपनी सेवा देंगे।

### गणेश झांकी अवार्ड स्पर्धा विजेता को मिलेंगे 31000

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा 'गणेश झांकी अवार्ड' का आयोजन किया जा रहा है। 19 सितंबर को आयोजन झांकी समारोह एटी पैलेस में किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली झांकियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। गणपति झांकी पुरस्कार में प्रथम विजेता को 31000 हजार, द्वितीय विजेता को 21000 हजार व तृतीय विजेता को 11000 हजार रुपए व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों द्वारा पंजीयन करना अनिवार्य है। जिसमें एटी पैलेस में जाकर फॉर्म प्राप्त किया जा सकता है।

## निधन

### शशिकांत देशमुख



**रायपुर।** उदया हाउसिंग सोसाइटी पंचशील मंदिर टाटीबंध निवासी शशिकांत देशमुख (65) का 18 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे जया देशमुख के पति, शांतनु व शुभांगी के पिता, पद्माकर, प्रदीप, मोरेश्वर, विश्वास देशमुख, श्यामल जोशी, अरुंधति हरदास के भाई थे।

### बलराम मेघानी



**रायपुर।** बजाज कॉलोनी निवासी बलराम मेघानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 सितंबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे बंशीलाल मेघानी के भाई और संदीप, सचिन मेघानी के पिता थे।

## मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी में क्रियाशील होंगी सस्ती दवा की दुकानें

# सरकारी हेल्थ सेंटरों से हटेंगे धन्वंतरी मेडिकल पहले चरण में 50 जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर




प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने और बंद हो चुकी दुकानों को पुनः क्रियाशील करने पहले चरण में 50 केंद्र खोलने की तैयारी है। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चलने वाली धन्वंतरी योजना की दवा दुकानों को हटाने की तैयारी है। पहले फेज में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की दुकानों को प्रारंभ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य में पांच सौ जनौषधि केंद्र खोलने के लिए तीन माह का वक्त तय किया है। इसके बाद से काम ने रफ्तार पकड़ ली है और पहले चरण में बंद पड़ी दुकानों को पुनः प्रारंभ कराने के साथ स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी संख्या बढ़ाने की योजना पर काम किया जा रहा है। वर्तमान में पीएम जन औषधि केंद्र का संचालन रायपुर और बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में किया जा रहा है, जबकि इसकी स्वीकृति अंबिकापुर, कोरबा, महासमुंद तथा कांकेर में भी दी गई है। जिन चिकित्सा महाविद्यालयों में इसकी शुरुआत नहीं हो पाई है, उसके कारणों को जानकर उन्हें पुनः प्रारंभ करने की तैयारी है। इसके अलावा राज्य के सभी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इसे शुरू करने की योजना थी, मगर इस स्तर पर आधा दर्जन स्वास्थ्य केंद्रों से ही मरीजों को सस्ते में दवा मिल पाती हैं। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार के सरकारी अस्पताल के डाक्टरों को इस बात के स्पष्ट निर्देश हैं कि वे जेनेरिक दवा लिखें। ऐसे में हेल्थ सेंटरों में ब्रांडेड दवा बेचने वाली धन्वंतरी योजना की दवा दुकानों को भी हटाने की तैयारी की जा रही है।

### केवल 56 केंद्र क्रियाशील

*राज्य में जब प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए थे, तब उनकी संख्या दो सौ के करीब थी, फिर विभागीय उदासीनता के चलते इनकी संख्या कम होने लगी। वर्तमान में राज्य में 155 जनौषधि केंद्र स्वीकृत हैं, इनमें से केवल 56 ही क्रियाशील हैं, बाकी या तो बंद हो चुके हैं अथवा निष्क्रिय हैं। इनमें कई निजी सेक्टर के जन औषधि केंद्र शामिल हैं।*

### निजी सेक्टरों के लिए आवेदन

*70 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवा उपलब्ध कराने वाले जनौषधि केंद्र निजी रूप से भी खोले जाने की तैयारी है। इसके लिए तमाम जिलों के सीएमएचओ को आवेदन लेने के लिए शासन स्तर पर पत्र जारी किया गया है। जनौषधि केंद्र खोलने के लिए लोग व्यक्तिगत के साथ संस्थाओं की ओर से भी दवा दुकान संचालित करने का आवेदन दे रहे हैं।*

### जिला स्तर पर कर रहे संपर्क

जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। प्रथम चरण में 50 दुकानों को प्रारंभ करने की योजना है।

- **अनीश वोडितेलवार**
राज्य समन्वयक, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र

## स्वच्छता दीदियों ने बनाई रंगोली स्कूल में बच्चों ने की चित्रकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर द्वारा निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जोन-2 क्षेत्र स्थित नमस्ते चौक देवेंद्र नगर में स्वच्छता दीदियों ने शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए सुंदर रंगोली बनाई। रामनगर शासकीय गोकुलराम वर्मा प्राथमिक शाला, गुढ़ियारी कोटा और महोबा बाजार के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने प्रकृति संरक्षण, साफ-सफाई की महत्ता को रंगबिरंगे चित्रों में बेहतर ढंग से चित्रित किया। रायपुर नगर निगम के विभिन्न जोन क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों के लिए, इंटर स्कूल रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जोन-1 के तिलक नगर गुढ़ियारी क्षेत्र के स्कूल में रंगोली एवं चित्रकला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वच्छता को लेकर बालमन में उठे विचारों को रंगों के माध्यम से प्रतिभागियों ने सुंदर चित्रकारी का रूप दिया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन उपस्थित रहे।

## जातिगत सर्वे आदेश के विरोध में उतरे बीएलओ, कहा- हमारा काम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिलेभर के बीएलओ बुधवार को प्रशासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग जाति का सर्वे करने संबंधी आदेश के विरोध में उतर आए। बीएलओ संघ ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इसमें यह मांग की गई कि सर्वे करना हमारा काम नहीं है। यह काम नगर निगम, जिला और जनपद पंचायत का है। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होने के पूर्व छत्तीसगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग जाति का सर्वे कराया जा रहा है। रायपुर जिले में इस काम की जिम्मेदारी प्रशासन ने बीएलओ को दी है।



### बिना पूर्व सूचना के कोई नहीं देता व्यक्तिगत जानकारी

ज्ञापन के जरिए बीएलओ ने सर्वे में आने वाली दिक्कतों के बारे में भी प्रशासन को अवगत कराया है। उनका कहना है कि ओबीसी सर्वे जातिगत सर्वे है, जिसमें व्यक्ति या परिवार की अत्यंत ही व्यक्तिगत जानकारियां ली जानी हैं। ऐसे में बिना पूर्व सूचना के कोई भी व्यक्ति इसकी जानकारी नहीं देता है। सर्वे कराने से पहले इसका प्रचार-प्रसार होना चाहिए।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद गिरा यात्री प्रतीक्षालय का शेड



**रायपुर।** गुढ़ियारी के पहाड़ी चौक में बड़ा हादसा टल गया। चौक पर बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय का शेड ही गिर गया, सौभाग्यवश यह हादसा उस वक्त नहीं हुआ, जब लोगों की वहां भीड़ होती है। प्रतीक्षालय के नीचे गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी, जिसका विसर्जन बुधवार को ही किया गया था। सूत्रों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कुछ समय पहले हुआ था और उसका अब तक उद्घाटन भी नहीं किया गया था। गिरा शेड चौक पर रखे ट्रैफिक बैरिकेड के सहारे लटक गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## बिजनेस साइट

### स्वदेशी खादी महोत्सव आज से




**रायपुर।** स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन गास मेमोरियल ग्राउंड, काली माता मंदिर चौक में 19 सितंबर से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा बनाई हई दस्तकारी वस्तुएं प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, लखनऊ चिकन, कश्मीरी और बनारसी साड़ियों के साथ-साथ हैदराबाद के कॉटन साड़ी जैसे नायाब उत्पाद शामिल होंगे। त्योहारों को देखते हुए सूती वस्त्रों की विशाल रेंज भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे शहरवासियों को एक ही छत के नीचे किफायती दामों पर विविध रेंज मिल सकेगी। प्रदर्शनी में क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध रहेगी और हथकरघा वस्तुओं पर 10% तथा हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20% तक की विशेष छूट दी जाएगी। आयोजक अनुराग मिश्रा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में आएं और इस छूट का लाभ उठाएं।

## पेज 11 के शेष

### बिना विघ्न विघ्नहर्ता ....

शहर में दस दिनों तक उत्साह व उमंग के साथ गणेशोत्सव के पर्व पर गणेशजी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति प्रतिमा विसर्जन शुरू हुआ। यह सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा, महादेवघाट के समीप निर्मित विसर्जन कुण्ड के अलावा तालाबों के किनारे नगर निगम द्वारा स्टाल लगाकर अस्थायी विसर्जन कुंड की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु घरों एवं पंडालों में स्थापित मूर्तियों को विसर्जित करने जुटते रहे।

**विसर्जन कुंड स्थल की सफाई कर रहे सफाई मित्रः** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विसर्जन कुंड स्थल की सफाई कराने सफाई मित्रों के विशेष गैंग को विसर्जन स्थल पर लगाया है। वे पूजन सामग्री, फूल-हार के साथ अपशिष्ट विसर्जन स्थल से हटाकर नगर निगम के वाहन में सुरक्षित जगह पर ले जाते हैं। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जोनवार, जोन की टीम विसर्जन कुण्ड स्थल पर इस कार्य में लगी हुई है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से स्वच्छता सिग्नेचर कैंपेन चलाकर शहरवासियों को जीवन में स्वच्छता का महत्व की जानकारी देने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### झांकियों का प्रदर्शन...

लिली चौक होते हुए लाखेनगर चौक, सुंदरनगर मार्ग, महादेवघाट रिंगरोड चौक होते हुए रायपुरा के समीप महादेवघाट के पास विसर्जन कुंड तक जाएगी।

### सुधर रही बच्चों ...

रहा है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वजन त्योहार की अंतिम तारीख के बाद ही कुल कुपोषित बच्चों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट के आने के बाद ही यह पता चल पाएगा कि जिले में वजन किए गए बच्चों में मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या कितनी है। हालांकि पिछले वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि जिले में मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या हजारों में है।

### 23 सितंबर तक ...

उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराने बाद शासन की योजनाओं के तहत उचित पोषण आहार के माध्यम से कुपोषण दूर किया जा सके।

### फर्जी स्क्रीन शॉट .....

दंपति के बारे में जानकारी जुटाई तो उसे पता चला कि इसी तरह की ठगी एक अन्य दुकानदार के साथ भी की गई है।

**ठगी से ऐसे बच सकते हैं**

किसी के द्वारा फोन-पे या अन्य पेमेंट गेटवे से भुगतान करने पर तत्काल अकाउंट में पैसे नहीं आने की स्थिति में दुकानदार को उसकी पुष्टि करने संबंधित ग्राहक का मोबाइल नंबर लेकर कॉल करना चाहिए। इसके बाद उस ग्राहक का मोबाइल नंबर एक रजिस्टर में नोट करना चाहिए। इस तरह की सावधानी बरतने पर दुकान संचालक ठगी का शिकार होने से बच सकते हैं।

### एसआई भर्ती के ...

एसआई भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी करने की मांग की थी। इन अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि जल्द परिणाम घोषित नहीं किया गया तो वे परिवार के साथ उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगे। इससे पहले सभी परीक्षार्थियों ने प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी परेशानी बताई। उन्होंने 15 दिन में परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया था।

### एमएमआई कांड पर ....

द्वारा खेमानी परिवार को भारती देवी के सीटी स्कैन में बीमारी गंभीर होने का हवाला देकर हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी जा रही है। उनके द्वारा कई अस्पतालों का नाम बताकर नजदीक में हैदराबाद ले जाने की बात कही जा रही है। उनकी सलाह पर ही उन्होंने रेड एंबुलेंस से एयरक्रॉफ्ट बुक कराया था। ओम ने आरोप लगाया है कि अस्पताल प्रबंधन इलाज के नाम पर बिजनेस कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पास मामले से संबंधित अन्य सबूत भी हैं, जिन्हें समय आने पर वे मीडिया के सामने जारी करेंगे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईशतहार**

क्रमांक/ क / बी-121/ 2024
रायपुर, दिनांक 15.09.2024
ग्राम डंगनिया प.ह.नं. ....,
तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक श्रीमती रमा सेंद्रे पति श्री जगत सेंद्रे द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता/पति स्व.श्री चंदन सेंद्रे पिता श्री मानकु सेंद्रे की मृत्यु दिनांक 15.02.2002 का घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30.09.2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**रायुपर (छ.ग.)**

**//नाम परिवर्तन सूचना//**

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता श्रीमती रूमा सेनगुप्ता उम्र 48 वर्ष, पति श्री संजय कुमार सेनगुप्ता, निवासी- कोटा, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्न कथन पेश करती हूं कि :-

1. यह कि, ऊपर वर्णित मेरा नाम और पता सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरी नाबालिग सुपुत्री कु. श्रेया सेनगुप्ता (जन्मतिथि- 05.04.2008), जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक- 00102008007340 बनवाया गया था, जिसमें माता और पिता दोनों के नाम और सरनेम में त्रुटि है। जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम श्रीमती रूमा सेन गुप्ता हो गया है, जिसे सुधार कर नाम रूमा सेनगुप्ता करवाना चाहती हूं एवं पिता का नाम संजय सेन गुप्ता हो गया है जिसे सुधरवाकर सही नाम - संजय कुमार सेनगुप्ता दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसे मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में सुधारकर दर्ज किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।
3. यह कि, मेरी पुत्री श्रेया सेनगुप्ता के दसवीं की मार्कशीट में भी पिता का नाम त्रुटिवश एस. के. सेनगुप्ता हो गया है जो कि संजय कुमार सेनगुप्ता का शॉटकट नाम है और संजय कुमार सेनगुप्ता तथा एस. के. सेनगुप्ता एक ही व्यक्ति का नाम है। जन्म प्रमाणपत्र में पिता का नाम में सुधार होने के बाद बोर्ड परीक्षा ऑफ़िस द्वारा मार्कशीट में सुधार की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

अतः यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष श्रेया सेनगुप्ता के जन्म प्रमाण पत्र में माता और पिता के नाम तथा सरनेम में सुधार करने समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। **शपथकर्ता**

**सत्यापन :-** यह कि कंडिका (1) से (3) तक की सभी जानकारी मेरे ज्ञान से सत्य और सही है।

**शपथकर्ती**
दिनांक - 18.09.2024 **श्रीमती रूमा सेनगुप्ता**

**नाम परिवर्तन सूचना**
**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ता सुप्रीति सेनगुप्ता उम्र 26 वर्ष पिता श्री संजय कुमार सेनगुप्ता, निवासी कोटा, रायपुर, तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. जो कि निम्न कथन पेश करती हूं किः-

1. यह कि, ऊपर वर्णित मेरा नाम और पता सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मै कु. सुप्रीति सेनगुप्ता (जन्म तिथि 09.10.1998), जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 8595 बनवाया गया था। जिसमें मेरा नाम कु. मिस्टी सेनगुप्ता दर्ज हो गया है। उसे सुधारकर कु. सुप्रीति सेनगुप्ता दर्ज करवाना चाहती हूं और पिता का नाम संजय सेनगुप्ता दर्ज हो गया है जिसे सुधरवाकर पिता का सही नाम संजय कुमार सेनगुप्ता दर्ज करवाना चाहती हूं।

अतः यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष सही नाम दर्ज किये जाने के समर्थन में किया जा रहा है। **शपथकर्ती**

**-: सत्यापन :-**

यह कि कंडिका (1) से (2) तक की सभी जानकारी मेरे ज्ञान से सत्य और सही है।

**शपथकर्ती**
**सुप्रीति सेनगुप्ता**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202409113400010**

**विषयः- ब-121 सनः- 2023-2024**

**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

बोरियाखुर्द (प.ह.न. 00071),
पक्षकारों का विवरण -आवेदक पक्षकार- श्रीमती ज्योति साहू,
अनावेदक पक्षकार - शासन,

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ज्योति साहू पति श्री अनिल कुमार साहू निवासी म.नं. अफिसर्स कालोनी धरमपुरा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में नया ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर- 424/15 शा. 425/23 रकबा 0.0930 हे., भूमि में राजस्व रिकार्ड में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि आवेदिका के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का नामांतरण पश्चात आवेदक को ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अतः आवेदिका द्वारा नया ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 03/10/2024 को इस न्यायालय में पेश कर सकतें है। उक्त नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईशतहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**Prakash Soni**
**अतिरिक्त/ नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**इश्तिहार**

**पत्र क्रं /13678/न.पा.नि./जोन क्रं -10/2024**
**नामंतरण प्र.क्र. 13678**
**वार्ड का नाम - 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड**
**रायपुर, दिनांक 14.09.2024**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651100846 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MS R.S. DREAMLAND पिता / पति श्री/श्रीमती Rachamal Kundnani के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती Peenak Chatterjee पिता/पति श्री/श्रीमती S/o Shri Tapan Kumar Chatterjee ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे

**श्री राकेश शर्मा (जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



# अंक बढ़े, फिर भी बी ग्रेड पर अटका महंत कॉलेज, दुर्गा महाविद्यालय में इस साल आएगी नैक टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महंत महाविद्यालय को तमाम प्रयासों के बाद इस बार भी बी ग्रेड ही हासिल हो सका है।

- 2018 में मिले थे 2.06 अंक, इस बार मिले 2.49 नंबर

महाविद्यालय ने पिछली बार 2018 में नैक ग्रेडिंग करवाई थी, उस वक्त भी कॉलेज को बी ग्रेड ही हासिल हो सका था। 2018 में नैक ग्रेडिंग के दौरान कॉलेज को 5 में से 2.06 अंक मिले थे। इस बार 2.49 अंक मिले हैं। यदि इसमें थोड़ी वृद्धि हो जाती तो महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड हासिल हो जाता। रिपोर्ट के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर, प्ले ग्राउंड और रिसर्च क्षेत्र में कमी के कारण ग्रेडिंग में वृद्धि के लिए पर्याप्त अंक नहीं मिल सके हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि उनके द्वारा पूरी कोशिश की गई थी कि महाविद्यालय का ग्रेड बढ़ सके। नैक टीम द्वारा जो कमियां गिनाई गई हैं, उन्हें दूर करने की कोशिश की जाएगी ताकि अगले बार अच्छी ग्रेडिंग मिल सके। महंत कॉलेज के अलावा मौजूदा सत्र में दुर्गा महाविद्यालय सहित रविवि से संबद्ध कई कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग होनी है। इसके लिए भी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई हैं।

### माह के शुरुआती हफ्ते में नैक टीम ने किया था महाविद्यालय का दौरा




### नियम बदलने की तैयारी

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, नैक ग्रेडिंग के नियम बदले जाने की तैयारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद कई तरह के बदलाव हुए हैं। नैक द्वारा अंक आबंटन क्रायटेरिया सहित कई अन्य नियम बदले जा रहे हैं। 15 अक्टूबर के बाद नई नैक ग्रेडिंग पॉलिसी लागू होगी। उसके पूर्व इससे जुड़े नियमों को अंतिम रूप देते हुए इन्हें सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

### पीएचडी और एनसीटीई लेटर के कारण फंसा पेंच

कॉलेजों को नैक टीम को पहले एसएसआर अर्थात सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट भेजनी पड़ती है। इसके बाद ही नैक टीम आती है। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा भेजी गई एसएसआर में में पीएचडी सीटों का जिक्र किया गया था। नियमतः पीएचडी सीटों का जिक्र नहीं किया जाता है, क्योंकि यह प्राध्यापकों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसके अलावा दुर्गा महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम का संचालन होता है। इसके लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन के सर्टिफिकेट की आवश्यकता होती है। इसका लेटर भी अटैच नहीं होने के कारण तकनीकी त्रुटि आ रही थी। अब रिपोर्ट भरी जा चुकी है। ऐसे में उम्मीद है कि एक-दो माह के अंतराल में दुर्गा महाविद्यालय को नई ग्रेडिंग मिल जाएगी।

## खबर संक्षेप



### नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से ग्रामवासी परेशान

**रायपुर।** ग्राम धनेली बोरियाकला में नाली का गंदा पानी बारहों महीने सड़कों पर बहने के कारण राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने बताया कि यह मार्ग सेजबहार से बोरियाकला होकर पुरानी धमतरी और नई धमतरी रोड को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। सड़क संकरी और बीच में 60 डिग्री की टर्निंग है। ऊपर से गंदे पानी से भरी सड़क से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। साथ ही रावतपुरा यूनिवर्सिटी का कैंपस यहीं से लगा हुआ है, जहां से कई छात्र और शिक्षाविद भी गुजरते हैं।

### जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने अनूठे ढंग से मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस



**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में अपना आठवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बढ़ते कदम वृद्धाश्रम के बुजुर्गों, अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चों तथा घरौंदा दिव्यांग आश्रय स्थल के मानसिक दिव्यांग बच्चों एवं संस्था के सदस्यों व अन्य आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। इसी दौरान कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जीएल शर्मा को कृषि रत्न सम्मान दिया गया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने अपना आठवां स्थापना दिवस अनूठे ढंग से मनाया। इस आयोजन में आज शहर के ऐसे दानदाता परिवार सम्मानित हुए, लोक कल्याण के लिए उनकी पार्थिव देह को दान किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शालिनी राजपूत, आनंद सिंघानिया, अजय मधुकर काले, संजीव गुप्ता, अमृतांशु शुक्ला, ममता शर्मा, अजय शर्मा, सुषमा तिवारी, ममता शर्मा, लता साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 5 साल तक मेंटेनेंस करेगी अनुबंधित एजेंसी

# पुराने धरनास्थल और मोवा में वेंडिंग जोन एजेंसी तय, किराए पर देंगे स्मार्ट कॉर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने और फेरी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम ने 12 स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में पाम ब्लाजियो के सामने जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने के लिए टेंडर के बाद एजेंसी तय कर ली गई है। राघव एसोसिएट्स द्वारा इन दोनों स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी को 3 माह का समय दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक इसका मेंटेनेंस शर्त के मुताबिक करेगी। इसके एवज में नगर निगम से उसे स्पॉट पर विज्ञापन बोर्ड डिस्प्ले करने का अधिकार मिलेगा।

शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया, बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल की जगह पर बनाए जाने वाले वेंडिंग जोन में 12 वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट पंजीकृत वेंडरों को किराए पर दिए जाएंगे। किराया दर टाउन वेंडिंग कमेटी तय करेगी। वेंडिंग कॉर्ट पर प्रति कॉर्ट 1 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। इसी तरह जब्बार नाला के पास बनाए जा रहे वेंडिंग जोन में 20 पंजीकृत वेंडरों को शिफ्ट किया जाएगा।

### किराए पर देंगे वेंडिंग कॉर्ट

शहर में वेंडरों को सुव्यवस्थित तरीके से कारोबार करने नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन विकसित कर दिया जाएगा। चिन्हांकित जगहों पर पंजीकृत वेंडरो को 10 बाई 10 वर्गफीट आकार का वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिया जाएगा। जबकि इसका मालिकाना नगर निगम का रहेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक, बाकी 10 स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने स्थल निरीक्षण कर निविदा बुलाई जाएगी।

### धरनास्थल की जगह पर दर्जनभर और जब्बार नाला के पास 20 वेंडरों को मिलेंगे स्मार्ट कॉर्ट



फाइल फोटो

- राघव एसोसिएट्स को वेंडिंग जोन बनाने 3 माह का समय

### वेंडिंग जोन के लिए निविदा की तैयारी

टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में स्वीकृत अन्य बाकी स्थानों के लिए जोन स्तर पर स्थल परीक्षण का काम किया जा रहा है। चिन्हांकित स्थलों पर वेंडिंग जोन विकसित करने निविदा जल्द बुलाई जाएगी।

### 7 हजार से अधिक वेंडर चिन्हांकित

नगर निगम द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व शहरभर में कराए गए वेंडर सर्वे के अनुसार करीबन 7 हजार से अधिक वेंडरों को चिन्हांकित किया गया है। सभी को वेंडिंग जोन विकसित कर नगर निगम कारोबार के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। कॉर्ट में बिजली के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। वेंडिंग जोन में पेवर ब्लॉक और बैठक व्यवस्था निगम द्वारा की जाएगी।

### नए वेंडिंग जोन के लिए चिन्हांकित स्थल

- जोन-5 के सुलभ शौचालय के पास डगनिया
- डगनिया से सीएसईबी पार्ट 1
- तरूण तालाब से जीएसआई मार्ग
- लाखेनगर से सारथी चौक तक सड़क की बायीं ओर
- त्रिमूर्ति मंदिर चौक मठपुरैना से भाठागांव आटो स्टैंड के पास जलगृह मार्ग
- माध्यमिक शिक्षा मंडल की बाउंड्री से लगकर टैगोर नगर मार्ग
- विसर्जन कुंड के पास रायपुरा
- हीरापुर सब्जी बाजार के पास
- एक्सप्रेस-वे के नीचे तेलीबांधा
- एसएलआरएम सेंटर के पास माता कौशल्या विहार चौक
- बोरियाखुर्द पौनी पसारी
- हिमालयन हाइट्स के पास देवपुरी

# नगरीय निकाय कर्मचारियों का छह सूत्रीय मांगों को लेकर धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर किया प्रदर्शन
- पुरानी पेंशन योजना बहाली, नियमितीकरण समेत अन्य मांगें

नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी कल्याण संघ के आव्हान पर नगरीय निकायों के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाली, नियमितीकरण सहित 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर लामबंद कर्मचारियों ने अपने लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों की मांग है कि नगरीय निकाय कर्मचारियों को प्रतिमाह 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से किया जाए। इसी तरह नगरीय निकायों में ठेका पद्धति समाप्त करते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान की मांग, 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। तीन दिवसीय आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने बुधवार को तूता स्थित धरनास्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मांगों की अनदेखी को लेकर नारेबाजी की। नगरीय निकायों में अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना को जल्द लागू करने की मांग प्रदर्शनकारियों ने की।

### महामाया मंदिर में आज से 18 महापुराणों का पाठ

**रायपुर।** महामाया मंदिर परिसर में 19 सितंबर से शिव महापुराण और 18 महापुराणों के पाठ के लिए भव्य मंगल कलश यात्रा मंदिर के सत्संग भवन से निकाली जाएगी। शिव महापुराण के कथाचार्य श्रीयुत युवराज पांडे के मुखारविंद से प्रवचन भक्तों को सुनने को मिलेंगे। महापुराणों के कथा और पाठ के संबंध में ज्योतिषविद पं. मनोज शुक्ला और कृष्णा प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शिव महापुराण की कथा के साथ पहली बार 18 महापुराणों का विधिवत पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा किया जाएगा, ऐसा पहली बार होगा, जब 18 महापुराणों का पाठ एक साथ होगा। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा दोपहर में संपन्न होने के बाद संध्या के समय शिव महापुराण की कथा की शुरुआत होगी। उसके बाद रोज दोपहर 2 बजे से प्रतिदिन भगवान शिव की इच्छा तक शिव महापुराण की कथा आचार्यजी द्वारा की जाएगी।

# संघ की समन्वय बैठक में पहुंचे पांच मंत्री आयामों पर चर्चा कर तय किए गए लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक रोहिणीपुरम शिक्षण संस्थान में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से हुई चर्चा

आरएसएस की समन्वय बैठक में राज्य सरकार के मंत्रियों को दिए गए आयाम (दायित्व) के संबंध में चर्चा की गई। वहीं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के आयामों के संबंध में अब तक किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर लक्ष्य तय किया गया।

बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, पवन साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा में शामिल हुए। वहीं संघ के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया। बैठक में आने वाले कार्यक्रमों और प्रदेश में संगठन के गतिविधियों को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। राज्य सरकार के 9 माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद संघ के पदाधिकारी आगे की कार्ययोजना तैयार करने में लगे हुए हैं।

### आगामी समय के लिए बनी रणनीति : शर्मा



बैठक को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बहुत आगे की सोचकर बैठक हो रही है, इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बहुत से कार्य विभाजन हुए हैं, सामाजिक कार्यों का विभाजन हुआ है, इन सब पर चर्चा की गई। बैठक में आगे के कार्यों की तैयारियों पर भी बात हुई।

# कांग्रेसियों ने फूंका केंद्रीय मंत्री बिट्टू और विधायक गायकवाड़ का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी पर किया विरोध, कानूनी कार्रवाई की मांग

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ के अमर्यादित बयान के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में दोनों नेताओं का पुतला दहन कर विरोध जताया और दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से लेकर सड़क तक मोदी सरकार की तानाशाही मनमानी गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं। विरोध के बाद मोदी सरकार को 100 दिन में कई बार यू-टर्न लेना पड़ा। और बीजेपी मोदी सरकार की संविधान विरोधी मंशा पर रोक लगी है। इससे बौखलाए भाजपा नेता और उनके गठबंधन शिवसेना के विधायक लगातार राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं।

# नवरात्रि के पहले नियमित होगी अहमदाबाद रायपुर की उड़ान, सातों दिन होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के पहले छत्तीसगढ़ से गुजरात के बीच आवाजाही करने वाले हवाई यात्रियों को सातों दिन उड़ान की सुविधा मिलने लगेगी। घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली इंडिगो ने एक अक्टूबर से अपनी फ्लाइट का संचालन नियमित करने की घोषणा की है। अभी इस फ्लाइट का संचालन सप्ताह में तीन दिन होता है। त्योहार के पहले एयरलाइंस कंपनियां अपनी उड़ानों में फेरबदल कर रही हैं। इनके द्वारा अच्छे ट्रैफिक की गुंजाइश पर नए सेक्टरों में विमानों का संचालन करने की घोषणा की जा रही है। कई शहरों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं, तो कई में उड़ानों की संख्या का विस्तार किया जा रहा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए अभी सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इस सेक्टर में यात्री काफी अधिक होते हैं, जिसकी वजह से इस फ्लाइट को नियमित करने की सिफारिश ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा की जाती रही है। इंडिगो ने इसे हरी झंडी दिखाते हुए एक अक्टूबर से इसकी उड़ान नियमित करने की घोषणा की है। फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर ही दोनों शहरों के बीच सातों दिन आवाजाही करेगी। शेड्यूल के अनुसार यह फ्लाइट अहमदाबाद से दोपहर 2.15 बजे उड़ान भरकर 4.05 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसकी वापसी 4.40 बजे रायपुर से होकर 6.20 बजे अहमदाबाद में होगी।



- अभी सप्ताह में तीन दिन होती है आवाजाही

### लाभ मिलेगा

अहमदाबाद के लिए सीधी फ्लाइट मिलने से छत्तीसगढ़- गुजरात के बीच सामाजिक, व्यापारिक संबंधों में और प्रगाढ़ता आएगी। छत्तीसगढ़ में काफी संख्या में गुजराती समाज के लोग रहते हैं।

**- कीर्ति व्यास,** संचालक, व्यास हॉलीड़ेज

### हैदराबाद की तीसरी उड़ान इसी माह

इंडिगो हैदराबाद के लिए अपनी तीसरी उड़ान का संचालन करने वाली है। यह फ्लाइट 23 सितंबर से संचालित होगी, जिसकी घोषणा काफी समय पहले की जा चुकी है। हैदराबाद के लिए अभी नियमित रूप से दो फ्लाइट आवाजाही करती है, जिसमें काफी संख्या में यात्री रहते हैं। पैसेंजर की संख्या को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा एक फ्लाइट बढ़ाने की घोषणा की गई है। यह उड़ान हैदराबाद से दोपहर 2.20 प्रारंभ होकर 3.55 बजे रायपुर में समाप्त होगी। वहीं रायपुर से 4.20 बजे रवाना होकर फ्लाइट 5.50 बजे हैदराबाद में लैंड होगी।

# डॉयल 112 का ठेका बदला, पांच माह में नई कंपनी संभालेगी काम, तब तक पुराने को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पुलिस हेल्पलाइन डॉयल 112 सेवा चिकित्सा हेल्थकेयर (जेडएचएल) लिमिटेड संभालेगी। इस संबंध में कंपनी के सीईओ नरेश जैन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सेवा शुरू करने के पहले सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसमें पांच से छह महीने का समय लग सकता है। इसके बाद उनकी कंपनी यहां डॉयल 112 की सेवा शुरू करेगी। वर्तमान में पुरानी कंपनी एक्सटेंशन में डॉयल 112 सेवा संचालित कर रही है।

कंपनी के सीईओ नरेश जैन के मुताबिक, उनकी कंपनी वर्तमान में ओडिशा तथा उत्तरप्रदेश में एंबुलेंस सेवा प्रदान कर रही है। साथ ही कंपनी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों में पूर्व में एंबुलेंस सेवा देने का दावा किया है। उनकी कंपनी को मैनेजमेंट टेंडर में टेक्नॉलाजी, क्वालिटी और कीमत के लिए सबसे ज्यादा पॉइंट्स मिले हैं। जेडएचएल राज्य में पिछले ढाई वर्षों से राज्य में हेल्थकेयर हेल्पलाइन (104) संचालित कर रहा है। उनकी कंपनी को इमर्जेंसी सर्विसेस के लिए कॉल सेंटर और कंट्रोल रूम के प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है।

### रिस्पांस टाइम 12 से 16 मिनट

कंपनी के सीईओ के मुताबिक, उनकी कंपनी डॉयल 112 में चार सौ वाहनों को शामिल करेगी। कॉल आने पर पहुंचने का रिस्पांस टाइम अधिकतम 12 से 16 मिनट रहेगा। साथ ही कॉल सेंटर को पहले से ज्यादा एडवांस बनाए जाने का दावा कंपनी के सीईओ ने किया है।



सीईओ ने टेंडर में सबसे ज्यादा पाइंट मिलने का दावा किया

### झारखंड से फेक सर्टिफिकेट लेने का दावा

इधर, यह भी आरोप है कि टेंडर लेने के लिए जेडएचएल कंपनी ने झारखंड में सेवा देने का अनुभव प्रमाणपत्र जमा किया है। आरटीआई से निकाली गई जानकारी के मुताबिक, झारखंड सरकार ने कंपनी को किसी भी प्रकार से कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किया है। इसे लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कंपनी के सीईओ नरेश जैन ने दावा किया है कि उनकी कंपनी ने झारखंड में छह साल सेवा प्रदान की है।






# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 19 सितंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



डीजे पर पाबंदी... शादी-सगाई सहित ...


**कैंपस इवेंट**

## कविताओं में पिरोई शहादत आंखें नम कर गईं पंक्तियां



रायपुर। शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में विराट कवि सम्मेलन तथा शहीद परिवार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। इनके अलावा प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकारों में रामेश्वर वैष्णव, मीर अली मीर, संजय कबीर शर्मा, विजय मिश्रा, राजेश जैन 'राही', कृष्ण कुमार भारती, सरिता सरोज, छत्तीसगढ़ी अभिनेता क्रांति दीक्षित एवं गायिका शिवानी बानी जैसे साहित्य प्रेमी व कलाकारों ने भी अपनी काव्य रचनाओं और कलाओं की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एके मिश्रा, छात्रावास अधीक्षक सुरेंद्र पटेल, मृगेन्द्र द्विवेदी सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कॉलेज परिसर में लगेगी शहीद जवान की प्रतिमा

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने 1965 के भारत-पाक युद्ध में शहीद मेजर गोरे का प्रतिनिधित्व कर रहे कैप्टन अनिल शर्मा को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। 2017 में शहीद हुए महाविद्यालय के पूर्व छात्र युगल किशोर वर्मा की धर्मपत्नी माधुरी वर्मा एवं उनके पुत्र आदित्य वर्मा को भी स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा शहीद मेजर यशवंत गोविंद राव गोरे के स्मृति में साइंस कॉलेज परिसर के अंतर्गत मूर्ति निर्माण के लिए दो लाख रुपए जारी करने की घोषणा की गई। साथ ही महाविद्यालय को छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट आफ साइंस के रूप में विकसित करने का आश्वासन दिया गया। अधोसंरचना के लिए 20 करोड़ रुपए केंद्र शासन से जारी कराने बात भी कही गई।

**आराधना**

## आत्मा के निकट रहना ही ब्रह्मचर्य, सदैव रखें संयम




रायपुर। आराधना, भक्ति, तपस्या के दस दिनों के दशलक्षण पर्यूषण पर्व का भव्य समापन अनंत चतुर्दशी महोत्सव से हो गया। सुबह से लेकर रात्रि तक भक्तिमय कार्यक्रमों की श्रृंखला में साधक समर्पण भाव से जुटे रहे। पयूर्षण पर्व के अंतिम दिन श्री 1008 वासुपूज्य भगवान के मोक्षकल्याणक दिवस के अवसर पर विशेष रूप से तैयार करके लाए गए निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। ब्रह्मचारी अरूण भैया के निर्देशन में सामूहिक संगीतमयी पूजन आराधना हुई। दोपहर को श्री 1008 वासुपूज्य भगवान की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें केसरिया परिधान में महिलाएं व श्वेत वस्त्रों में पुरूष नृत्य, आरती, भक्ति करके धर्म की प्रभावना करते रहे।

### 10 दिनों तक निराहार उपवास

शोभायात्रा में विशेष रथ पर सवार 10 दिनों तक निराहार उपवास कर तपस्या करने वाली कामाक्षी जैन का सम्मान किया गया। शोभायात्रा का समापन डीडी नगर कॉलोनी के प्रमुख मार्गों व गोलचौक होते हुए जैन मंदिर में हुआ। आखिरी दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के बारे में समाज को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी अरूण भैया ने कहा कि आत्मा के निकट रहना ही ब्रह्मचर्य है। हमें स्वयं को संयमित करते हुए जल से भिन्न कमल की भांति संसार में रहकर आत्मा के कल्याण के लिए सदा प्रशस्त रहना चाहिए। रात्रि में सौ दीपों के माध्यम से मंगलमय महाआरती में भक्तों ने झूमते हुए भगवान की आराधना की।

**लाइव इवेंट**

## पूरे प्रदेश से पहुंचे अधिकारी लैंगिंक समानता पर मंथन



रायपुर। आयकर विभाग द्वारा यौन उत्पीड़न, लैंगिंक समानता और समानता पर व्यापक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कार्यस्थल मानकों और कानूनी अनुपालन को सुदृढ़ करना था। इस सत्र में यौन उत्पीड़न पर रोकथाम के साथ-साथ लैंगिक समानता के व्यापक मुददे पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। अध्यक्षता आयकर विभाग की मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने की। यह सत्र सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य था, जिसमें रायपुर, भिलाई, महासमुंद, धमतरी और जगदलपुर स्थित आयकर विभाग के कार्यालयों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। अधिवक्ता नम्रता तातिया ने यौन उत्पीड़न अधिनियम के कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। यौन उत्पीड़न के साथ-साथ इस प्रशिक्षण में समानता से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को भी शामिल किया गया।

### सीखने और विकास के लिए हो सहयोगात्मक वातावरण

प्रतिभागियों ने इन चर्चाओं के मध्य कई तरह के सवाल पूछे। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। सीखने और विकास के लिए एक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। समानता की संस्कृति को भी अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की प्रेरणा सभी को मिली। अधिकारियों ने कहा, हम अपने कर्मचारियों के लिए एक समर्थनकारी और समान वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि हर कर्मचारी सम्मानजनक कार्यस्थल में योगदान कर सके और प्रगति कर सके।

**नवरात्रि से पखवाड़े भर पहले गरबा क्लास, सोसायटियों में भी विशेष कक्षाएं**

# इस बार बॉलीवुड मिक्स गरबा का रहेगा ट्रेंड, छॉलीवुड गीत भी बनेंगे हिस्सा, बेसिक से लेकर एडवांस स्टेप्स शामिल

सावन मास के साथ ही पर्वों की शुरुआत हो जाती है। पितृपक्ष के पश्चात नवरात्रि पर्व का शुभारंभ 3 अक्टूबर को होगा। इसके लिए एक माह पूर्व ही बाजारों में रौनक देखी जा सकती है। पर्व संबंधित तैयारियों के साथ ही लोग गरबा भी सीख रहे हैं। इसके लिए विशेष कक्षाओं की शुरुआत हो चुकी है। नवरात्रि के नौ दिनों तक शहर के विभिन्न स्थानों में गरबा की धूम मची रहती है, जिसके लिए कहीं निशुल्क तो कहीं सशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला संगठनों के अलावा शहर के विभिन्न डांस अकादमी में गरबा सिखाया जा रहा है।

रायपुर। इस वर्ष 4 से अधिक नए गरबा स्टेप्स शामिल किए गए हैं। इसके आधार पर कई डांस गुरु गाने के अनुसार गरबा के स्टेप कोरियोग्राफ कर रहे है। गरबा प्रेमियों के लिए नवरात्रि के नौ दिन उत्साह से भरे होते हैं। गरबा खेलने के लिए डांडिया की खरीदी भी हो रही है। युवक-युवतियां एक माह पहले ही गरबा क्लास ज्वॉइन कर चुके हैं। अब वे अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। डांस अकादमी के डांस गुरु कॉलोनी व संस्था स्थित स्थान पर पहुंचकर गरबा की प्रैक्टिस करा रहे हैं। जिससे गरबा प्रमियों को सुविधा मिल रही है।





### आकर्षण का केंद्र डाकला गरबा

एक डांस क्लास की अदिति शाह ने बताया कि बेसिक गरबा क्लास 20 सितंबर से शुरु किया जा रहा है। रोजाना दोपहर 3:30 से 6 बजे तक संचालित किया जाएगा। लोगों की सुविधानुसार कई तरह की टाइमिंग रखी गई है। उन्होंने बताया कि गरबा के बेसिक स्टेप, ट्रेंडिंग स्टेप और बॉलीबुड गरबा स्टेप सिखाए जा रहे हैं। इस वर्ष डाकला गरबा आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसे आकर्षक रुप से तैयार किया गया है।

### राजधानी में सानेडो की डिमांड

रायपुरा चौक स्थित नेशनल डांस अकादमी की संचालक शालिनी गर्ग ने बताया, बीते दिनों से लगातार गरबा क्लास चालू है। एक-एक सप्ताह में न्यू बैच में गरबा प्रैक्टिस कराया जा रहा। बेसिक में एक ताली, दो ताली और तीन ताली शामिल है। चौकड़ी, घोड़ी, सानेडो व एडवांस स्टेप गरबे में सीखने को मिलेगा। साथ ही ऑनलाइन फेमस सांग पर भी गरबा सिखाया जा रहा, जिसमें बॉलीवुड व छॉलीवुड के गाने शामिल हैं।



### शहर में निःशुल्क गरबा कक्षाएं भी

भाठागांव स्थित डांस अकादमी के सरस्वती सिंग ने बताया, नवरात्रि के अवसर पर निःशुल्क गरबा क्लास शुरु किया जा रहा है। डांस क्लास के अलावा संस्थाओं के साथ जुड़कर निःशुल्क गरबा सिखाने का प्रयास किया जाएगा। गरबा में चौकड़ी, छकड़ी, रास गरबा, डाकला सिखाया जाएगा, जिसे एडवांस तरीके से तैयार किया गया है। निःशुल्क रुप से गरबा सीखने के लिए डांस अकादमी परिसर प्रतिभागी आ सकते हैं। संस्था द्वारा प्रशिक्षण शिविर लगाने के लिए 97542-79349 पर संपर्क कर सकते हैं। नवरात्र के अवसर पर कई व्यक्तियों को गरबा सीखने की इच्छा होती है, लेकिन पैसों की वजह से सीख नहीं पाते। इस उद्देश्य से निःशुल्क क्लास शुरु किया जा रहा है।



### मनपसंद गानों में कोरियोग्राफ करवा रहे गरबा स्टेप

गायत्री नगर स्थित डैजरल डांस अकादमी के संचालक डेविड दास ने बताया, सुबह-शाम दो बैच में गरबा क्लास की शुरुआत की गई। बीते 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गरबा सिखाया जाएगा। क्लास में बेसिक, इंटरमीडिएट और एडवांस लेवल का गरबा सिखाया जा रहा है। इस वर्ष विशेष रुप से गाने के अनुसार गरबा स्टेप तैयार किया जा रहा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के मनपसंद गाने पर गरबा स्टेप कोरियोग्राफ किया जा रहा है। इसे ग्रुप में लोगों को सिखाया जा रहा है।

## पहले साफ किया कैंपस, फिर उकेरी रंगोली कहा-अलग ही रखें गीला-सूखा कचरा

रायपुर। दानी गर्ल्स स्कूल में बुधवार को छात्राएं सफाई करने उतरी। उन्होंने अपने कैंपस के साथ ही आस-पास के स्थानों को स्वच्छ बनाए रखने का प्रण लिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सिंतबर को 'स्वच्छता की सेवा' पखवाड़ा की शुरुआत की गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना है। 17 सितंबर से आयोजित अभियान 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। जिमसें शहर के कई शासकीय विद्यालयों ने अपना सहयोग दिया है। इसी कड़ी में दानी गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने भी साफ-सफाई की।

**प्रश्नोत्तरी में नवीन तकनीकों पर चर्चा**



'स्वच्छता की सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत रंगोली, प्रश्न-उत्तर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्पर्धा का विषय स्वच्छ भारत रहा। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.हितेश दिवान ने बताया, स्पर्धा में 120-130 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें निर्णायक के रुप में विद्यालय के शिक्षकगण शामिल हुए। रंगोली प्रतियोगिता में लगभग 40 से अधिक विद्यार्थिगण मौजूद रहे, जिन्होंने स्कूल के प्रांगण में रंगोली तैयार की। निबंध प्रतियोगिता में स्वच्छता पर निबंध लिखे गए, जिसमें छात्राओं ने अपने नवीन विचारों को निबंध में लिखा। प्रश्न-उत्तर स्पर्धा में भारी संख्या में छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें नवीन तकनीकों पर भी चर्चा की गई।

### बताए गंदगी के नुकसान

रंगोली प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने अपने विचार रंगोली के माध्यम के रखे। जिसमें भारत को स्वच्छ बनाने के लिए विभिन्न टिप्स चित्र के माध्यम से दिए गए। रंगोली में विद्यार्थियों ने स्वच्छता के संदेश भी लिखे। साथ ही गीला व सूखा कचरा को अलग करने का संदेश दिया। रंगोली में स्वच्छता से देश के होने वाले फायदे पर जोर दिया गया। गंदगी के विभिन्न नुकसान को रंगोली में चित्र के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया।

## रोगियों के सुरक्षा प्रोटोकॉल को समझें, यह जिम्मेदारी

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगियों की सुरक्षा संबंधित विशेष कार्यशाला रखी गई। हाईब्रिड मोड में हुई इस कार्यशाला में संस्थान के चिकित्सक हिस्सा बने। यह रोगी सुरक्षा के लिए 'एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण' विषय पर केंद्रित रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच रोगी सुरक्षा प्रोटोकॉल की समझ और अनुप्रयोग को सुदृढ़ करना था। एम्स निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने संस्थान की रोगी सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, एम्स न केवल रोगी सुरक्षा संबंधित नियमों को अपने कैंपस में लागू करने के लिए समर्पित है, बल्कि छत्तीसगढ़ के अन्य चिकित्सा संस्थानों में भी रोगी सुरक्षा संस्कृति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञान साझा करके और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ सहयोग करके, हम पूरे क्षेत्र में देखभाल और सुरक्षा के मानकों को ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया, मैटेरियोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया , प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग, स्वास्थ्य सेवा अपशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, शल्य चिकित्सा सुरक्षा और त्रुटियों को कम करने में चेकलिस्ट की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कई सत्र आयोजित किए गए। इसमें 400 प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया, जबकि अतिरिक्त 100 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन भाग लिया।

**अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की पहल, मार्च से होगी शुरुआत**

**कार्नर न्यूज**

# किसी बेटी की शादी में धन का अभाव न बने रोड़ा, इसलिए सभी समाज की कन्याओं का विवाह कराएगा अग्र संगठन

रायपुर। सामाजिक सरोकार से जुड़कर काम करने वाली शहर में कई संस्थाएं हैं। इनमें अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन भी शामिल है। संगठन अग्र समाज की गरीब बेटियों के लिए 2.51 लाख में विवाह की सारी जिम्मेदारी खुद लेते हुए होटल एंट्री पॉइंट में शादी की सारी सुविधा देने वाला है। वहीं इसमें एक नई पहल और जोड़ते हुए अब एंट्री पॉइंट में ही अग्र समाज के अलावा सनातन धर्म की निर्धन कन्याओं का निःशुल्क विवाह कराने के लिए संगठन ने ब्रोशर विमोचित किया है। अग्रसेन कन्या विवाह योजना का बुधवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष दीनदयाल गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रांतीय चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, बिसन गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल, गोविंद राम सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



11-11 के समूह में विवाह करवाने का संकल्प

### समूह विवाह कराने संकल्प

ब्रोशर विमोचित करने के बाद समाज सदस्यों ने कहा, सनातन धर्म की 11 निर्धन कन्याओं का चयन समाज के लोग करेंगे। उन सभी कन्याओं का सामूहिक विवाह संगठन के बैनर तले किया जाएगा। इसके लिए परिवार के लोगों को कोई भी खर्च नहीं देना होगा। डॉ.अशोक अग्रवाल ने सनातन कन्या सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताते हुए कहा कि 11-11 के समूह में विवाह करवाने के लिए हम संकल्पित हैं। जरूरतमंद लोगों तक संगठन की बात पहुंचे इसके लिए ब्रोशर भी विमोचित किया है। संगठन निर्धन माता-पिता की जिम्मेदारी में सहभागी बनने के साथ ही अच्छी सुविधा के साथ विवाह करवाएगा।

### एक मार्च को होगा सामूहिक विवाह

संगठन द्वारा जिन कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जाएगा, उन्हें उच्च कोटि की सुविधाओं के साथ गृहस्थ जीवन से संबंधित उपयोगी सामग्री के रूप में सौगात भी दी जाएगी।



संगठन ने तय किया है कि कम से कम 11 जोड़े एक साथ सामूहिक विवाह में शामिल हों। इसके लिए जरूरी है कि सभी मिलकर प्रयास करें। समाज सदस्यों ने आगे बताया कि सनातन धर्म की कोई भी कन्या, धन के अभाव में विवाह बंधन से वंचित नहीं रहे, यही संगठन का प्रयास है। ऐसी कन्याओं के माता-पिता तक समाज के लोग भी पहुंचने का प्रयास करेंगे। आगामी फुलेरा दूज यानी 1 मार्च 2025 को यह सामूहिक विवाह होगा।

## कैंपस लाइव

# 18 को स्वर्ण, 55 को पीएचडी 1440 छात्रों को बंटेगी उपाधि



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में 1515 विद्यार्थी सम्मानित होंगे। इनमें 18 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 55 विद्यार्थियों को पीएचडी और 1440 विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर उपाधि मिलेगी। वहीं प्रशांत द्विवेदी और डॉ. सुरेंद्र दुबे को मानद उपाधि दी जाएगी। यह जानकारी विवि के कुलपति प्रो. एसके सिंह ने बुधवार को पत्रकारवार्ता में दी। बताया कि यह उपाधि छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका के हाथों दी जाएगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा देना मुख्य उद्देश्य है, ताकि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के लिए शिक्षा, संस्कार, चरित्र निर्माण एवं रोजगार का रास्ता भी मजबूत हो सके। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ 21 सितंबर को सुबह 11.30 बजे होगा।

### 37 विभागों में 143 पाठ्यक्रम

प्रो.सिंह ने आगे बताया कि यहां 8 हजार से ज्यादा विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वर्तमान में 37 विभाग के माध्यम से विश्वविद्यालय 143 पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। इसमें इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, विज्ञान, कला, फॉर्मेसी, फैशन एवं इंटीरियर डिजाइनिंग, वाणिज्य एवं प्रबंधन, लाइब्रेरी, साइंस, पत्रकारिता जैसे विषय प्रमुख हैं। दीक्षांत के लिए महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विद्यार्थियों को निर्धारित परिधान में ही इसमें शामिल होना होगा। छात्रों को इससे संबंधित सभी तरह की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

## सिटी लाइव

# स्थानीय पहचान संग वैश्विक सफलता के गुर जानेंगे युवा



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री एवं यंग इंडियन्स द्वारा युवा उत्सव 2024 का आयोजन किया जा रहा है। 20 सितंबर को पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में यह आयोजन होगा। इस साल का थीम राइजिंग भारत-2047 है। इसका उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना है। इसमें रायपुर के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के दो हजार से अधिक छात्रों और युवा पेशेवरों को उद्यमिता, नेतृत्व व राष्ट्रीय विकास के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसमें अलग-अलग सत्र में चर्चा होगी। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होने वाले आयोजन में स्थानीय जड़ें और वैश्विक प्रभाव पर पैनल चर्चा होगी।

### गुदगुदाएंगे स्टैंड अप कॉमेडियन

युवा उत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शिरकत करेंगे। बुधवार को पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए गौरव अग्रवाल, संजय जैन, अनुजा भंडारी ने बताया कि दूसरे पैनल चर्चा में फॉलोअर्स से फॉर्च्यून तक का सफर कैसे पूरा करें, इसके बारे में बताएंगे। अगला सत्र डिजिटल उद्यमिता पर केंद्रित होगा। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करके व्यवसाय व्यक्तिगत ब्रांड कैसे बनाया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद स्टैंड-अप कॉमेडियन विवेक सामतानी का एक्ट होगा। दूसरे सत्र में उन उद्यमियों की यात्रा पर चर्चा होगी, जिन्होंने स्थानीय पहचान को बनाए रखते हुए वैश्विक स्तर पर सफलता प्राप्त की है। इसमें सोमेश शर्मा, प्रशांत केशरवानी व ध्रुव गोयल पैनलिस्ट होंगे।

● राजधानी में शोर पर विराम के साथ अब पुराने वाद्ययंत्रों से बढ़ेगी रौनक

# डीजे पर पाबंदी... शादी-सगाई सहित अन्य उत्सव में फिर गूंजेंगे पारंपरिक गड़वा बाजा, धुमाल-बैंड व शंख-नगाड़े

डीजे पर पाबंदी के बाद से एक बार फिर से पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज सुनाई देने वाली है। डीजे के कानफोड़ आवाज पर बंदिश के बाद अब शादी-सगाई ही नहीं विभिन्न तरह के समारोह व उत्सवों की शान भी धुमाल और बैंडबाजे की थाप बनने वाली है। इसके पहले डीजे आने के बाद गड़वा बाजा प्रचलन से बाहर हो गया था। या यूं कहें कि ग्रामीण अंचल में सिमट कर रह गया था। अब एक बार उन वाद्ययंत्रों को बजाने वाले कलाकारों को पहले की अपेक्षा ज्यादा काम भी मिलेगा। इसके साथ ही हमारे आस-पास होने वाले आयोजन की रौनक फिर पुराने वाद्ययंत्रों से लौटने वाली है।




**रायपुर।** त्योहारी उत्सव के बीच जल्द ही मांगलिक आयोजनों का सिलसिला भी नवंबर से शुरू होने वाला है। इस बीच डीजे बजाने वाले लोगों पर पाबंदी लगने से पुराने कलाकारों में नई उम्मीद भी जगी है। इस बीच हरिभूमि ने पुराने दौर के वाद्ययंत्रों यानी गड़वा बाजा, धुमाल और बैंडबाजे की धुन से किसी भी महफिल में रंग-जमाने वाले कलाकारों से बात की। लगाई पाबंदी कब तक रहेगी, इसे लेकर हालांकि वे आश्वस्त नहीं हैं, लेकिन यह स्वीकार करते हैं कि अगर पुराना दौर लौटा, तो फिर से धुमाल, बैंडबाजा और गड़वा बाजा बजाने वाले युवाओं को पहले से ज्यादा काम मिलेगा। वजह यह है कि डीजे पर पाबंदी लगेगी, तो लोगों का रूझान धुमाल, बैंडबाजा, गड़वा बाजा की तरफ बढ़ेगा। इससे युवा कलाकारों को अच्छी कमाई के साथ काम भी मिलेगा। अभी तो डीजे के साथ लोग धुमाल ही बुक कराते थे।

### सुनाई देगी महुरी, बैंजो की धुन

कई विधा में पारंगत सुरेश साहू बताते हैं कि 80 के दशक में बिना गड़वा बाजा के कोई भी मांगलिक उत्सव नहीं होता था। धीरे-धीरे समय बदला तो धुमाल व बैंडबाजे का चलन बढ़ा। गड़वा बाजा ग्रामीण अंचल में सिमट गया। डीजे आने के बाद धुमाल और बैंडबाजा बजाने वाले कलाकारों को भी रोजी-रोटी की समस्या का सामना करना पड़ा। अब डीजे पर पाबंदी लगने से मांगलिक आयोजनों में निशान, डफला, महुरी, बैंजो की धुन सुनाई देने वाली है। शहर में इनके कलाकार भी कम हो गए हैं। अब उम्मीद तो बन रही है कि फिर से महुरी व निशान की गूंज शादी-समारोह में सुनाई देगी।

### उत्सव में लौटेगी पुरानी रौनक

वाद्ययंत्र कलाकार भागवत चौहान ने बताया कि अभी तक शादी के लिए ज्यादा बुकिंग नहीं मिली है। बड़े आयोजनों में अब बैंड और धुमाल का चलन डीजे आने के बाद थोड़ा कम हो गया था। पाबंदी के आसार को देखते हुए कह सकते हैं कि आने वाले समय में बैंडबाजा व धुमाल से जुड़े युवाओं को पहले जैसा काम मिलने वाला है। अब बैंड व ब्रास बैंड से उत्सव में पुरानी रौनक लौटने वाली है। पहले की अपेक्षा शहर में उत्सव का क्रेज भी बढ़ रहा है। इस वजह से भी काफी बदलाव देखने को मिलेगा। अभी तो यही कह सकते हैं कि पूर्ण पाबंदी से राहत की उम्मीद बंधी हुई है।

### नहीं मिलती है पर्याप्त बुकिंग

एक अन्य वाद्ययंत्र कलाकार मुकेश साहू ने बताया कि अभी शहर में कई बड़ी बैंड पार्टी हैं। इनके पास भी पर्याप्त बुकिंग नहीं है। वहीं 150 से ज्यादा धुमाल पार्टी भी हैं। अब इनकी बुकिंग भी डीजे के साथ होने लगी है। डीजे पर प्रतिबंध से लोगों को पहले से ज्यादा काम मिलेगा। डीजे की वजह से लोग शादियों में बुकिंग कराने से बचते हैं। जब डीजे नहीं मिलता है तभी लोग धुमाल व बैंडपार्टी बुक कराते हैं। अभी किसी के पास भी बड़े आयोजनों की बुकिंग दो-चार ही है। निर्णय लागू होने के बाद ही कह सकेंगे कि व्यावसाय बुम करेगा या नहीं। अभी तक शादी के लिए भी पर्याप्त बुकिंग नहीं है।

# यूपीएससी से लेकर विधानसभा भर्ती परीक्षाओं के लिए रूपरेखा तैयार, कई चरणों में होगी जांच

**रायपुर।** सितंबर और अक्टूबर में कई बड़ी परीक्षाएं होंगी। इसकी तैयारियां व्यापम सहित जिला प्रशासन द्वारा शुरु कर दी गई हैं। नियमित बैठक के साथ संबंधित अधिकारियों को प्रभार भी दिए जा रहे हैं। सभी परीक्षाओं में कई चरणों में जांच की तैयारी है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना हो। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सर्विस मुख्य परीक्षा का आयोजन आगामी 20 सितंबर से किया जाएगा। यह परीक्षा 20,21,22 व 28 और 29 सितंबर को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली में सुबह 9 से 12 बजे व दूसरी पाली में दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक होगी। परीक्षा संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक को प्रभारी अधिकारी परीक्षा शाखा एवं रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### टेट की पुनः परीक्षा के परिणाम जारी

व्यापम द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन बीते माह किया गया था। सभी 33 जिलों में इसके लिए केंद्र बनाए गए थे। इसके अंतर्गत धमतरी के भखारा स्थित सेंटर में अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र विलंब से प्राप्त होने के कारण पुनः परीक्षा का विकल्प दिया गया था। पंजीकृत 400 में से 288 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलाई थी। इस पुनः परीक्षा के अंतिम उत्तर और परिणाम व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### मार्शल प्रवेश पत्र 30 को

नियंत्रक छत्तीसगढ़ व्यावसायिक शिक्षा मंडल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापम पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को 30 सितंबर को प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। जिस अभ्यर्थी द्वारा छत्तीसगढ़ व्यापम के वेबसाइट में पंजीयन नहीं किया जाएगा, उन्हें छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय के निर्देशानुसार लिखित परीक्षा से वंचित माना जाएगा।

### शारीरिक नाप-जोख एवं दक्षता परीक्षण संबंधित प्रक्रिया पूर्ण

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के अंतर्गत सहायक मार्शल पदों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 6 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा इस परीक्षा का संचालन किया जाएगा। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक होगी। सहायक मार्शल पद हेतु छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय के वेबसाईट पर पहले ही ऑनलाइन आवेदन जमा किया गया था, जिसमें विभागीय शारीरिक नाप-जोख एवं दक्षता परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों को अब व्यापम की वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करना होगा। पंजीयन प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू हुई और 22 सितंबर तक चलेगी। इसके साथ ही, अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा जिले का चयन करना अनिवार्य होगा।

# पैगबंर-ए-इस्लाम ने हमेशा इंसानियत का पैगाम दिया, किसी को ना पहुंचाएं तकलीफ

**रायपुर।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार को सीरत मैदान में मुफ्ती मोहम्मद अख्तरुल कादरी साहब की तकरीर हुई। वे खासतौर पर मुंबई से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि पैगबंर-ए-इस्लाम ने हमेशा इंसानियत का ही पैगाम दिया। उन्होंने कभी किसी को कोई तकलीफ नहीं पहुंचाने की बात की है। इसलिए मुसलमानों को उनके बताए रास्ते पर ही चलना चाहिए। शहर सीरतुन्नबी कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुख्तार अशरफी ने बताया कि 20 सितंबर को सीरत मैदान में ही रात 9 बजे से ऑल इंडिया नातिया मुशायरा का आयोजन किया जाएगा। 21 सितंबर को महिलाओं के लिए और 22 सितंबर को बच्चों के लिए नातिया और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**महिलाओं और बच्चों के लिए नातिया व क्विज स्पर्धा**

### पड़ोस में पता करें कोई भूखा तो नहीं



मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया गया। इस मौके पर गुलामाने औलिया कमेटी आगा ग्रुप के अध्यक्ष मो. इकबाल ने बताया कि औलिया चौक पर हजरत पैगंबर साहब के उपदेशों को संकलित कर सजावट की गई, जिमसें मुख्य उपदेश-माता के चरणों में स्वर्ग, पिता स्वर्ग का दरवाजा है, जिसने माता-पिता की सेवा की, वह स्वर्ग में जाएगा, शामिल रहे। उन्होंने आगे बताया कि किसी भी धर्म को बुरा मत कहो और किसी भी मनुष्य से ऊंच-नीच, भेदभाव मत करो, जिसकी बातों व कामों से उसका पड़ोसी सुरक्षित नहीं, वो मुस्लिम नहीं हो सकता। अपने पड़ोसी के दाएं-बाएं 40-40 घरों के पड़ोसियों का पता करो कि कोई भूखा तो नहीं। पहले उसे खिलाओ, फिर खुद खाओ, ये ईश्वरीय कृपा है, ये स्वर्ग ले जाने वाली है, जिसने पेड़-पौधे लगाए, उसने सारे प्राणियों की सेवा की, उसने अपनी ओर से पुण्य का कार्य किया। इस दौरान कौमी एकता का परिचय देखते हुए राकेश अवस्थी, ए. गनी, सुनील चौहान, मो. फारुख, अजमत अली, प्रतीक साहू, समेत चौक के व्यवसायियों का सहयोग रहा।

## गणेशोत्सव- 2024



गणेशोत्सव समिति, कापा, लोधीपारा



श्री लक्ष्मी गणेशोत्सव समिति, डंगनिया



राम राज युवा संगठन, शिव नगर, न्यू चंगोराभाठा



श्री न्यू बाल गणेशोत्सव समिति, बाना




श्री सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, सड्डू

राजधानी में आज निकलेगी झांकी, तैयारी में समितियों ने बिताई रात

# कल्कि अवतार में नजर आएंगे विष्णु, राक्षसों से भिड़ेगी वानर सेना, राम-कुंभकरण के मध्य युद्ध

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** राजधानी में विघ्नहर्ता की विसर्जन झांकी से पहले पूरी रात समितियों ने तैयारी में बिताई। गुरुवार की रात निकलने वाली झांकी में इस बार ज्यादातर समितियों ने राजनांदगांव से किराए पर झांकी लाने रेट और थीम को पसंद करते रहे। शाम ढलने के बाद कई समितियों ने झांकी को रायपुर लाने की तैयारी शुरू की। वहीं जिन समितियों ने पहले से आर्डर किया था, उनकी झांकी बुधवार शाम तक पंडाल में पहुंची। इस बार कई समितियों ने खुद आर्डर करके झांकी बनवाई है। इसे पहले राजनांदगांव में निकलने वाली झांकी के लिए किराए पर दिया और अब रायपुर में निकलने वाली विसर्जन झांकी में आकर्षण का केंद्र बनाने वाली हैं। इनमें कल्कि अवतार में भगवान विष्णु तो महाभारत के प्रसंगों पर आधारित झलक भी लोगों को देखने को मिलेगी। इसमें राम और कुंभकरण के बीच युद्ध खास होगा। वहीं वानर व राक्षस भी भिड़ेंगे।



**कल्कि अवतार की झलक**

प्राचीन गणेश उत्सव समिति गुढ़ियारी के प्रमुख मनोज राठी ने बताया कि इस बार नंदगांव के साथ राजनांदगांव से कल्कि अवतार से सजी झांकी भी मंगाई गई है। आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद झांकी को सजाने का सिलसिला शुरू होगा। समिति के पास स्थल सज्जा करने वाले कारीगरों की टीम पहले से ही मुस्तैद है। इनके द्वारा ही आने वाली झांकी को भी व्यवस्थित किया जाएगा। दर्शन के लिए आने वाले लोगों को इस बार गुढ़ियारी की झांकी खास अंदाज में नजर आएगी। इसमें भगवान विष्णु के अंतिम अवतार की झलक रोचक होगी।

### झांकी में होगा युद्ध का नजारा

राठौर चौक की नवनिर्माण गणेश उत्सव समिति इस बार तीन जीप में झांकी सजाएगी। इसमें राम-लक्ष्मण के साथ वानर सेना राक्षसों से युद्ध करती नजर आएगी। इसमें हनुमानजी की विशाल प्रतिमा भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इसके साथ ही भगवान राम युद्ध मैदान में कुंभकरण और उनकी सेना का संहार करते नजर आएंगे। समिति के सदस्य यश राठौर ने बताया कि राजनांदगांव से आने वाली झांकी को रातभर में जरूरी सुधार के बाद तैयार कर रहे हैं। इसके बाद शासन की व्यवस्था के तहत विसर्जन झांकी जोड़ेंगे।

### देर रात तक कार्य

गणेश उत्सव समिति बंजारी चौक के प्रतीक साहू ने बताया कि राजनांदगांव से इस बार महाभारत के प्रसंगों पर आधारित चलित झांकी आकर्षण का केन्द्र रहने वाली है। रात में झांकी रायपुर आने के बाद कारीगरों की टीम द्वारा लाइटिंग व जरूरी सुधार भी किया जाएगा। इस बार दो जीप की झांकी राजनांदगांव के मूर्तिकार से समिति ने बनवाई है। झांकी को बुधवार की रात रायपुर लाने के बाद उनमें जो जरूरी काम करना होगा, उसे टीम द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद सभी झांकी को प्लास्टिक से ढक रहे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में छत्तीसगढ़ से सोनी के 73 रन, जीती बड़ोदा की टीम



**रायपुर।** 29 वीं अखिल भारतीय जे पी अत्रे क्रिकेट टुर्नामेंट 10 सितंबर से 20 सितंबर तक मोहाली, पंचकुला तथा पटियाला में जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच 18 सितंबर बुधवार को पटियाला में बडौदा के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 242 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से संगीत सोनी ने 73 रन तथा तन्मय शर्मा ने 36 रनों का योगदान दिया। बडौदा.की ओर से जय अभाले तथा राजकुमार पटेल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बडौदा की टीम ने 41.3 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 243 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। बडौदा की ओर से पी कोहली ने नाबाद 74 रन तथा आर्य पगार ने 59 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से देव आदित्य सिंह, ऐश्वर्य तथा मनराज ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। बडौदा ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

### शालेय खेलकूद : अंडर-19 लॉन टेनिस में मनस्वीय प्रथम



**रायपुर।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद स्पर्धाएं भिलाई में 10 सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित की गई। जिसमें अंडर-19 लॉन टेनिस प्रतियोगिता में मनस्वीय सिंह ने सरगुजा ,बिलासपुर और दुर्ग जोन के प्रतियोगियों को हराकर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं शील्ड प्राप्त कर रायपुर जोन को गौरवान्वित किया। मनस्वीय सिंह पुलिस मुख्यालय में पदस्थ सहायक पुलिस महानिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह एवं माता जबलपुर म.प्र. पुलिस अधीक्षक (अजाका) रेखा सिंह की पुत्री है। 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद स्पर्धा में मनस्वीय सिंह ने इसके अतिरिक्त अन्य दो गोल्ड एवं कुल तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किये है।

### केपीएस सरोना में सीबीएसई फार ईस्ट जोन स्केटिंग स्पर्धा




**रायपुर।** केपीएस सरोना में सीबीएसई फार ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता-2024 संपन्न हुई। इसमें असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, ओडिशा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ लगभग 12 राज्यों से आए 1157 खिलाड़ियों के बीच 9 वर्ष से 19 वर्ष तक के अलग-अलग ग्रुप में बालिक-बालिकाओं का रेस का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता को दो भागों में विभाजित किया गया है, जो क्वाड व्हील बेस एवं इनलाइन व्हील बेस पर आधारित है। आपातकालीन आवश्यकता के लिए नर्सिंग टीम एवं एंबुलेंस की आवश्यक रूप से हर समय मैदान के पास उपस्थित रहते हैं। सीबीएसई फार ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ चेयरमेन एम. एम. त्रिपाठी कृष्णा ग्रुप ऑफ स्कूल, जन अधिकार परिषद्, जौहर चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सन 1961, 1962, 1965 एवं 1971 की लड़ाई में शामिल भारतीय सेना के श्री जय नारायण सिंह सिसोदिया पूर्व सैन्य अधिकारी, कर्नल सुनील मिश्रा, श्रीमति आभा मिश्रा, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष मुरारी काबरा, संस्थापक सदस्य शशांक शुक्ल, डॉ. राकेश मिश्रा आदि उपस्थित थे। श्रीमती अर्चना मिश्रा प्राचार्या कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना, शुभम मिश्रा एडिशनल प्रिंसिपल केपीएस सरोना, छत्तीसगढ़ रोलर स्केटिंग के प्रदेश अध्यक्ष एम.डी. रेड्डी, सचिव किशोर भंडारी, कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मिश्रा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सीबीएसई द्वारा किशोर भंडारी जी को सीबीएसई ऑब्जर्जर नियुक्त किया गया है। आरएफएसआई रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों की 22 सदस्यीय टेक्निकल टीम द्वारा इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है। सीबीएसई को जोनल टूर्नामेंट में पं.बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवं उत्तर पूर्व राज्यों को कुल 1157 खिलाड़ियों की प्रतिभागिता है। सीबीएसई के नियमानुसार कोई भी खिलाड़ी या तो क्वाड या इनलाइन में भाग ले सकता है। क्वाड और इनलाइन में कोई भी खिलाड़ी 2 से अधिक रेसों में भाग नहीं ले सकता है। इस प्रतियोगिता में रिंक रेस केपीएस सरोना स्कूल में 200 मीटर बेंड ट्रेक पर आयोजित की जा रही है एवं रोड रेस प्रतियोगिता आई पी क्लब सर्किट सेक्टर-21, नया रायपुर में संपन्न की जा रही है। टेक्निकल टीम के जो अधिकारी है इनके नाम ए फ्रेन्कलीन, अनिंद्या जोशी, शिमांत अवधिया, धीरज अवधिया, सौरव सचदेव, मोनू बागड़े, बिपिन मिश्रा, विकास सिंह, सुमन दास, अतुल जायसवाल, सुवदीप नंदी, सुशांत खेत्रपाल, अनुज शर्मा, मनीष सिंह, अजय साहू, श्रीमंता पाधी, अनुराग भंडरी है।

#### दिल से जुड़ी बीमारियों की बढ़ोतरी ने चिंता बढ़ाई डॉक्टरों की

# इन बीमारियों से पीड़ित हैं तो हो जाइए सावधान लगातार बढ़ रहा दिल की बीमारियों का खतरा

हृदय स्वास्थ्य का ध्यान रखना सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, यह शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो ऑक्सीजन युक्त रक्त को बाकी हिस्सों में पंप करता है जिससे कोशिकाएं स्वस्थ रहती हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी जैसे जोखिम कारकों के चलते इस सबसे महत्वपूर्ण अंग पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में हार्ट डिजीज के मामलों में बढ़ोतरी आई है, ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि हम सभी अपनी जीवनशैली में समय रहते स्वस्थ बदलाव करें। दुनियाभर में बढ़ते हृदय रोग के जोखिमों को लेकर लोगों को सचेत करने और इससे बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हृदय स्वास्थ्य के कई जोखिम कारक तो हैं ही, साथ ही कुछ बीमारियों के कारण भी समय के साथ आपमें इस रोग के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।



### कोरोना संक्रमित रहे हैं तो हो जाइए सावधान

पिछले तीन साल से अधिक समय से वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी का जोखिम बना हुआ है, कुछ नए वैरिएंट्स के कारण बीते दिनों यूके-यूएस में फिर से संक्रमण का जोखिम बढ़ता देखा गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम ने बताया कि कोरोनावायरस के संक्रमण की स्थिति हृदय की सेहत को प्रभावित करने वाली पाई गई है। संक्रमितों में इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। कोरोना संक्रमितों में ब्लड क्लॉटिंग, हार्ट अटैक का खतरा भी अधिक रिपोर्ट किया जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जो लोग संक्रमण के शिकार रहे हैं उन्हें एहतियातन हृदय की जांच करा लेनी चाहिए।

### हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी

उच्च रक्तचाप आपकी धमनियों में लोच की कमी को कम करके उन्हें सख्त बना देती है, जिससे उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। इस स्थिति में हृदय में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह भी कम हो जाता है जिसे हृदय रोगों के प्रमुख कारक के तौर पर जाना जाता है। हाई ब्लड प्रेशर की अनियंत्रित स्थिति हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट का भी खतरा बढ़ाने वाली मानी जाती है, जिससे बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक है।

### डायबिटीज के कारण जोखिम

मधुमेह की स्थिति जिसमें ग्लूकोज का स्तर काफी बढ़ जाता है, ये आपकी रक्त वाहिकाओं और इससे संबंधित नसों को नुकसान पहुंचा सकती है। समय के साथ, यह क्षति हृदय रोग का कारण बनने लगती है। मधुमेह से पीड़ित लोगों में, अन्य लोगों की तुलना में हार्ट डिजीज विकसित होने का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है, यही कारण है कि इससे बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल दोनों को कंट्रोल में रखने की सलाह दी जाती है।

### मोटापा बड़ा खतरा

अगर आपका वजन अधिक है तो यह शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली स्थिति हो सकती है। मोटापे के कारण हृदय रोगों का भी खतरा काफी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने पाया कि वजन को कंट्रोल करके इस तरह के स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया जा सकता है। मोटापा, कई और क्रोनिक बीमारियों के लिए जोखिम कारक है इसे कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक है।



## घर में एक साथ दो शंख रखने का प्रभाव जानिए

शंख का इस्तेमाल घर में किसी भी पूजा की शुरुआत में किया जाता है और इसकी ध्वनि से वातावरण में शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। इसे रखने के कुछ नियम हैं जिनका पालन जरूरी है। शंख का हिंदू धर्म में एक पूजनीय स्थान है और इसे भगवान विष्णु से जोड़ा जाता है, जिन्हें हिंदू धर्म के प्रमुख देवताओं में से एक माना जाता है। शंख को पवित्र माना जाता है और इसका उपयोग पूजा की शुरुआत और महत्वपूर्ण धार्मिक समारोहों के समापन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि शंख बजाने से आपके आस-पास का वातावरण शुद्ध होता है, नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में दैवीय आशीर्वाद बना रहता है।

इसके धार्मिक महत्व के अलावा, शंख को मौलिक ध्वनि 'ओम' का प्रतीक भी माना जाता है, जो ब्रह्मांड की ध्वनि है। शंख का आकार ब्रह्माण्ड का प्रतिनिधित्व करता है और ऐसा कहा जाता है कि यह ब्रह्मांड में ऊर्जा प्रवाह से जुड़ा है। इस प्रकार, शंख घर में रखी जाने वाली सिर्फ एक सजावटी वस्तु नहीं है बल्कि आध्यात्मिक और भौतिक समृद्धि का एक शक्तिशाली प्रतीक भी है। वास्तु में माना जाता है कि घर में एक जैसे दो शंख नहीं रखने चाहिए, इससे नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं। अगर हम वास्तु की मानें तो पूजा के स्थान पर एक शंख रखना ही शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार, शंख को आदर्श रूप से प्रार्थना कक्ष या घर की पूर्वोत्तर दिशा में रखा जाना चाहिए।



## घुटनों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास

वैसे तो उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों और घुटनों का दर्द होने लगता है। लेकिन सर्दियों में घुटने और जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। इसका एक कारण शारीरिक तौर पर सक्रिय न होना है। इसके अलावा अधिक तैलीय खाद्य पदार्थों का सेवन भी सर्दी में घुटने की दर्द की शिकायत बढ़ा देता है। दर्द से राहत पाने के लिए मांसपेशियों में मजबूती लानी चाहिए। इसके लिए योगासन का अभ्यास असरदार है। योग करने से पैरों का रक्त संचार बेहतर होता है और घुटनों के दर्द से राहत मिलती है। रोजाना योग करें ताकि घुटने मजबूत हों और पैरों में होने वाले असंतुलन को कम किया जा सके। घुटनों और जोड़ो के दर्द से निजात पाने के लिए कुछ योगासन का नियमित अभ्यास पैर, टखने, जांघ और घुटनों को मजबूत बनाएगा।


### त्रिकोणासन

इस योगासन के अभ्यास से मांसपेशियों का दर्द कम होता है। त्रिकोणासन करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। अब पैरों के बीच करीब दो फीट की दूरी रखें और लंबी गहरी सांस लेते हुए शरीर को दाईं ओर झुकाएं। फिर बाएं हाथ को ऊपर की ओर ले जाएं। अपनी नजरें भी बाएं हाथ की उंगलियों पर टिकाएं। कुछ देर इस मुद्रा में रहे और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। अब दूसरी ओर से ये प्रक्रिया अपनाएं।



### मलासन

मलासन का अभ्यास करने के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में ले आएं और धीरे से नीचे बैठें। सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। दोनों कोहनियों को जांघों के बीच 90 डिग्री के एंगल में ले जाएं और सामान्य तरीके से सांस लें। फिर सामान्य अवस्था में सीधे खड़े हो जाएं।































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैमरून बनाएंगे जापान पर हुए परमाणु हमले पर फिल्म



मशहूर फिल्म निर्देशक जेम्स कैमरून जापान पर हुए परमाणु हमले पर आधारित एक फिल्म बनाने वाले हैं। खबर है कि उन्होंने इसके लिए 'घोस्ट्स ऑफ हिरोशिमा' नाम की किताब के राइट्स भी खरीद लिए हैं। कहा जा रहा है कि जेम्स इस फिल्म को 'अवतार' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म के काम से समय मिलने के बाद बनाएंगे। 'घोस्ट्स ऑफ हिरोशिमा' किताब को चार्ल्स पेलेग्रीनो ने लिखा है। खास बात ये है कि चार्ल्स पेलेग्रीनो ने निर्देशक जेम्स कैमरून की मशहूर फिल्म टाइटैनिक और अवतार के लिए उनके विज्ञान सलाहकार के तौर पर भी काम किया था। वैरायटी की रिपोर्ट के मुताबिक, कैमरुन साल 2015 में आई चार्ल्स की एक और किताब 'लास्ट ट्रेन फ्रॉम हिरोशिमा' को 'घोस्ट्स ऑफ हिरोशिमा' के साथ मिलाकर फिल्म पर काम करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म एक ऐसे जापानी आदमी की सच्ची कहानी दिखाएगी, जो जापान पर हुए दोनों परमाणु हमले के दौरान बच गया था। मालूम हो कि अमेरिका ने 6 अगस्त, 1945 को हिरोशिमा में पहला एटम बम गिराया था और फिर 9 अगस्त को नागासाकी में दूसरा हमला किया था। फिल्म में जिस जापानी आदमी की कहानी दिखाई जाएगी वो हिरोशिमा में हुए हमले के बाद ट्रेन में बैठकर नागासाकी गया था, जहां फिर से परमाणु हमला हो गया था। जेम्स कैमरून द्वारा निर्देशित अवतार फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश 19 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का पहला भाग 2009 में आया था। इसके बाद 2022 में अवतारः वे ऑफ वॉटर नाम से दूसरा भाग रिलीज किया गया था।

### टॉलीवुड

## सुपरहिट मुकुथी अम्मान के सीक्वल में दिखेंगी नयनतारा, फिल्म का निर्देशन करेंगे सुंदर सी



सुपरहिट मुकुथी अम्मान के सीक्वल में दिखेंगी नयनतारा, फिल्म का निर्देशन करेंगे सुंदर सी नयनतारा को लेडी सुपरस्टार के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी अभिनय से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई है। कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं।

दरअसल, नयनतारा अपनी सुपरहिट फिल्म मुकुथी अम्मान के सीक्वल में नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन सुंदर सी करने वाले हैं। वहीं, इसके पहले भाग को आरजे बालाजी ने निर्देशित किया था। हाल ही में निर्माताओं ने मुकुथी अम्मान-2 के एक खास पोस्टर के साथ निर्देशक का स्वागत किया। इस फिल्म की टीम ने वादा किया कि दूसरा भाग पहले भाग से अलग होगा। मुकुथी अम्मन-2 के प्रोडक्शन हाउस में से एक वेल्स फिल्म इंटरनेशनल लिमिटेड ने निर्देशक सुंदर सी का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। साथ ही, कैप्शन में लिखा, ₹कमर्शियल एंटरटेनर्स के बादशाह, निर्देशक सुंदर सी का एमए-2 की दिव्य काल्पनिक दुनिया में स्वागत है।₹ निर्माताओं के अनुसार मूकुथी अम्मान 2 दिव्य फंतासी शैली की फिल्म है, जिसे बड़े बजट पर तैयार किए जाने की योजना है। इस फिल्म का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनेशनल, राउडी पिक्चर्स, अवनी सिनेमैक्स ने संयुक्त रूप से किया है। वहीं, आईवीवाई एंटरटेनमेंट और बी4यू मोशन पिक्चर्स ने इस फिल्म का सह-निर्माण किया है। आरजे बालाजी और नयनतारा की मूकुथी अम्मान धर्मगुरुओं और कई अंधविश्वासी प्रथाओं पर किया गया एक कटाक्ष था। इस फिल्म को लेकर एक बयान में कहा गया है, ₹यह 'मुकुथी अम्मान' भाग 1 के कथानक से अलग होगी, जिसमें कई शानदार नाटकीय क्षण होंगे।₹ फिल्म के कलाकारों और क्रू की घोषणा आने वाले हफ्तों में की जा सकती है। इसके अगले साल सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है।

### छॉलीवुड

## मल्टी स्टारर फिल्म 'गुईयां-2' का मुहूर्त, आएगी अगले साल



अगले साल एन. माही फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित निर्माता मोहित कुमार साहू कृत एवं छॉलीवुड के चर्चित कलाकार एवं निर्देशक अमलेश नागेश की छत्तीसगढ़ी फिल्म 'गुईयां' को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इस सफलता से उत्साहित निर्माता मोहित कुमार साहू कृत गुईयां-02 का निर्माण किया जा रहा है। जिसका मुहुर्त हाल ही में राजधानी रायपुर में किया गया। गुईयां-02 भी गुईयां की तरह ही तकनीकी रूप से सशक्त होगी। इसके गीत-संगीत पर विशेष ध्यान दिया गया है। निर्माता एक्शन डिजाईन मोहित कुमार साहू ने बताया कि मुहुर्त के बाद फिल्म निर्माण अप्रैल से पहले पूरा कर आगामी वर्ष 03 मई 2025 को रिलीज किया जाना प्रस्तावित है। फिल्म की विशेषताओं में इस फिल्म में छॉलीवुड के मल्टी स्टार कलाकारों की उपस्थिति है। जिनमें दिलेश साहू, प्रकाश अवस्थी और अमलेश नागेश की मुख्य भूमिकाएं हैं।


## मारिया की दास्तां

लाइफ स्टाइल



मशहूर गायिका मारिया कैरे ने अपने करियर में दौलत खूब कमाई लेकिन अब खबर आ रही है कि वो आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। उन पर भारी कर्ज चढ़ा हुआ है। मारिया अपने पेंटहाउस के कारण गहरे संकट से जूझ रही हैं। मारिया के बारे में कहा जाता है कि वो काफी खर्च करने वाली इंसान हैं और खरीददारी में काफी पैसा उड़ाती है।

## चाहिए निखरती त्वचा तो ऐसे करें आइस वाटर फेशियल



कई बार जब हम बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को देखते हैं तो उनकी दमकती त्वचा को देखकर सोचते हैं कि काश ऐसी ग्लोइंग स्किन हमारी भी होती। बहुत सी अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो रील लाइफ में तो खूबसूरत दिखती ही हैं, इसके साथ ही वो असल जिंदगी में भी कमाल की लगती हैं। उनकी निखरती त्वचा लोगों को उनका दीवाना बनाती है। इन्हीं अभिनेत्रियों में आलिया भट्ट का नाम शामिल है। आलिया भट्ट अपने क्यूट फेस के साथ-साथ अपनी ग्लोइंग त्वचा की वजह से काफी फेमस हैं। उन्होंने कई इंटरव्यू में बताया है कि वो महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की बजाए घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करती है। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वो आइस फेशियल करती दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने आइस फेशियल को घर पर करने का सही तरीका बताया है। अगर आपको भी आलिया भट्ट के जैसी त्वचा चाहिए तो आप घर पर आइस वाटर फेशियल कर सकती हैं। आज के लेख में हम आपको इसी खास तरह के फेशियल के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सबसे पहले जानें क्या है आइस फेशियल:** घर पर आइस फेशियल करना बेहद आसान है। इसके लिए आपको बर्फीले पानी में अपना चेहरा 5 सेकेंड के लिए डुबो कर रखना है। इसमें समय की पाबंदी नहीं है। आप अपनी क्षमता के हिसाब से भी चेहरे को पानी में डुबो सकती हैं। चेहरे को पानी में डुबोते वक्त ये भी ध्यान रखें कि अगर आप ज्यादा देर तक चेहरा डुबाकर रखेंगे तो इससे स्किन पर जलन पड़ सकती है।

**कब कर सकते हैं आइस फेशियल:** अगर आप हैवी मेकअप करने का सोच रही हैं तो उससे पहले ये फेशियल ज्यादा असरदार रहता है। इसे करने के त्वचा के पोर्स छोटे हो जाते हैं, जिस वजह से मेकअप ज्यादा समय तक टिकता है। आइस फेशियल लेने का सोच रही हैं तो चेहरे को अच्छे से साफ जरूर कर लें।

## शॉर्ट कुर्ती को स्टाइलिश बनाएंगे ये स्लीव्स डिजाइंस, यहां देखें ट्रेंडी लुक




स्लीव्स कुर्ती को स्टाइलिश बनाने का काम करती है। इसलिए इसके डिजाइन पर भी बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है। अगर आप भी नए डिजाइंस की तलाश में हैं, तो यह लेख मददगार साबित हो सकता है।

जब भी कंफर्टेबल कपड़े की बात होती है, तो कुर्ती को जरूर शामिल किया जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है जिसे हर मौसम में आसानी से वियर किया जाता है। इसलिए हमारे वार्डरोब में कुर्तियों की भरमार होती है, लेकिन इसके बाद भी हमारे नए कपड़े बनाने की ख्वाहिश कम नहीं होती। इसलिए हमेशा कुर्ती के नए-नए डिजाइन तलाशते रहते हैं।



कई लोग ऐसे भी हैं जो फैब्रिक से कुर्ती डिजाइन करवाते हैं। हालांकि, कुर्ती के डिजाइन सेलेक्ट करना आसान है, लेकिन स्लीव्स के डिजाइन कुछ खास समझ में नहीं आते। इसलिए हम आपके लिए कुछ ऐसे स्लीव्स के डिजाइन लेकर आए हैं, जिनकी मदद से कुर्ती को स्टाइलिश बनाया जा सकता है।

### फुल स्लीव्स

यह डिजाइन में सबसे क्लासिक स्टाइल में से एक है। यह आस्तीन कंधे से शुरू होकर कलाई तक पूरी तरह ढकी होती है। इससे कुर्ती को बहुत ही सुंदर लुक मिलता है। फुल स्लीव्स की शॉर्ट कुर्तियां हर मौसम में वियर की जा सकती हैं। अगर आप के लिए ऑफिस वियर ऑप्शन तलाश रहे हैं, तो यह डिजाइन सेलेक्ट किया जा सकता है।

इस डिजाइन की खासियत यह है कि यह न केवल पारंपरिक अवसरों के लिए, बल्कि ऑफिस वियर, कैजुअल वियर और पार्टी वियर के रूप में भी पहनी जा सकती है। फुल स्लीव्स को अलग-अलग फैब्रिक जैसे- सिल्क, कॉटन, जॉर्जेट और शिफॉन के साथ भी बनाया जा सकता है।

### थ्री-क्वार्टर स्लीव्स

थ्री-क्वार्टर स्लीव्स एक ऐसी आस्तीन होती है, जो कंधे से शुरू होकर कोहनी से थोड़ी नीचे तक आती है। यह डिजाइन बहुत ही स्टाइलिश होता है। थ्री-क्वार्टर स्लीव्स वाली कुर्तियां गर्मियों और मानसून के मौसम के लिए बहुत अच्छी मानी जाती हैं, क्योंकि यह न तो बहुत लंबी होती हैं और न ही बहुत छोटी।

## ऑयली स्किन के लिए हरी मूंग दाल का करें इस्तेमाल



जब बात स्किन केयर की होती है तो ऐसे में हर कोई बेस्ट ही चाहता है। इसके लिए हम मार्केट में मिलने वाले तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन स्किन की केयर करने का सबसे अच्छा तरीका होता है कि हम नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करें। इन्हीं में से एक है हरी मूंग दाल। हरी मूंग दाल एक एक्सफोलिएंट के रूप में काम करती हैं, जिसके कारण आपकी स्किन गहराई से क्लीन होती है। इतना ही नहीं, इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो आपकी स्किन का ख्याल रखते हैं। हरी मूंग दाल आपके स्किन पोर्स को क्लॉग होने से रोकता है। साथ ही, इसमें नेचुरल ब्लीचिंग गुण आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाते हैं। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में आप हरी मूंग दाल को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मूंग दाल और टमाटर के रस का इस्तेमालः** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में आप मूंग दाल के साथ टमाटर के रस को मिक्स करके अप्लाई कर सकती हैं। मास्क बनाने के लिए आप सबसे पहले हरी मूंग दाल को लगभग 2-3 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। अब अतिरिक्त पानी निकालकर इसे पीसकर पेस्ट बना लें।

अब इसमें टमाटर का रस और दही डालकर मिक्स करें। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो स्किन को एक्सफोलिएट (जंवा त्वचा के लिए फेस पैक) करने के साथ-साथ उसे ग्लोइंग भी बनाता है। इन्हें अच्छी तरह मिक्स करने के बाद अपने चेहरे को क्लीन करें। तैयार पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और करीबन 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से चेहरा साफ करें और फिर स्किन को मॉइश्चराइज करें।

## इंस्टेंट ग्लो के लिए अपनाएं नेचुरल तरीके



चेहरे की खूबसूरती हर महिला के लिए उतनी ही अहम होती है जितना आने वाला दिवाली का त्योहार। इस दिन हर को सबसे अलग और खूबसूरत दिखना पसंद करती है। कई सारी महिलाएं तो ऐसी होती हैं तो इस दिन के लिए महीने भर पहले से ही स्किन केयर रूटीन फॉलो करना शुरू कर देते हैं। अगर आपको भी चाहिए नेचुरल ग्लो तो इसके लिए आप इन घरेलू तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।

### बेसन और रोज वाटर का करें इस्तेमाल

कई सारे ऐसे घरेलू नुस्खे होते हैं जिनका इस्तेमाल हम नेचुरल ग्लो के लिए करते हैं। इनमें से आप बेसन और रोज वाटर को चेहरे पर अप्लाई कर सकती हैं। ऐसी इसलिए क्योंकि बेसन में एक्सफोलिएटिंग एजेंट मौजूद होते हैं जो डेड स्किन को हटाते हैं। इसके अलावा स्किन को इवन करता है। वहीं रोज वाटर स्किन को हाइड्रेट करता है।

### बेसन और रोज वाटर का पैक बनाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन लें। अब इसमें 1 चम्मत रोज वाटर एड करें। फिर इन दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर अप्लाई करें। फिर 15-20 मिनट के लिए ड्राई (स्किन मॉइश्चराइजर) होने के लिए छोड़ दें। अब चेहरे को पानी से साफ कर लें। इससे आपकी स्किन नेचुरल ग्लो करने लगेगी। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में एक बार कर सकती हैं।

### खीरे के फेस मास्क का करें इस्तेमाल

खीरा स्किन के लिए बेहद लाभकारी होता है। इसके इस्तेमाल से स्किन हाइड्रेट रहती है और नेचुरल ग्लो करती है। आप भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इसमें मिनरल्स और विटामिन्स पाए जाते हैं जो स्किन को हेल्दी रखते हैं।

कार्नर न्यूज

### कई रोगों और मानसिक तनाव से बचाने में भी मिलती है मदद

## रूप ही नहीं सेहत को भी निखारे चांदी के जेवर, मिलेगी लोगों की भरपूर तारीफ

*चांदी को पवित्र धातु माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चांदी की ज्वेलरी पहनने से मानसिक शांति मिलती है और शरीर हेल्दी रहता है। ये भावनाओं को कंट्रोल करने के साथ धैर्य लाने में भी मदद करती हैं। इतना ही नहीं, इससे इम्यून सिस्टम में भी मजबूत आती है। यह हमारे शरीर के लिए कैसे फायदेमंद हो सकती हैं? इसकी जानकारी सर्टिफाइड योग इंस्ट्रक्टर ग्रीशा ने शेयर की है।*



### त्वचा होती है सुंदर

चांदी में एंटी-एजिंग गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं और फाइन लाइन्स और झुर्रियों को कम करते हैं। साथ ही, चांदी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो त्वचा की सतह पर हानिकारक बैक्टीरिया की ग्रोथ को रोकने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा को शांत करके सूजन और रेडनेस को कम करती है।

### कोल्ड और फ्लू से बचाव

चांदी में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया और वायरस से छुटकारा दिलाते हैं। इसलिए महिलाएं खुद को कोल्ड, फ्लू या हानिकारक वायरस और बैक्टीरिया जैसे इंफेक्शन से बचाने के लिए इसे पहन सकती हैं।

### हीलिंग को देती है बढ़ावा

सदियों से चांदी का इस्तेमाल घावों को भरने के लिएनेचुरल ट्रीटमेंट के रूप में किया जा रहा है। चांदी की ज्वेलरी पहनने से घाव तेजी भरते हैं और दाग-धब्बे कम होते हैं।

### दर्द से राहत

दर्द से राहत पाने के लिए चांदी का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में किया जाता है। इस धातु में शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं। चांदी की ज्वेलरी पहनने से जोड़ों में दर्द और अकड़न कम होती है।

